


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 315, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 20.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बूंदाबांदी की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 59 सूर्यास्त 5 : 54

मुरादाबाद, रविवार, 4 फरवरी 2024

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...15

## न्याय प्रणाली को लचीला बनाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। मोदी ने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है। कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ न्यायाधीश और कानूनी अधिकारी मौजूद थे।

## झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बनाया जाए कानून

### सांसदों की बैठक मंगलवार को, दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। इसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है, तब वे बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डॉक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है, लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डॉ. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं। आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है। डॉ. बंसल के मुताबिक केंद्र सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।

### फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आयुर्विजिलेंस अभियान

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजिलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। इसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा, बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त अभियान छेड़ा है।

## एक नजर

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यो में गति प्राप्त होगी।

### इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पहले दाखिला सत्र की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिये भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात (इग्नू) में दाखिले के लिये साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई में। कहा कि जनवरी सत्र के लिए दाखिले जारी है।

### हथियार तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हथियारों और गोला-बारूद की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी का गिरोह चलाने के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मिजोरम के ममित इलाके के निवासी लालनगैहौमा को आइजोल से गिरफ्तार किया गया।

### 1896 से प्रकाशित पुस्तकों का किया डिजिटलीकरण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल शिक्षा विभाग ने 1896 से प्रकाशित विभिन्न विषयों की 1,250 से अधिक पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है, ताकि इन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जा सके। राज्य में एक पुस्तकालय कार्य कर रहा है जिसका उपयोग शोधकर्ताओं, छात्रों और शिक्षा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है।

## आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

### वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

> मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। -**लालकृष्ण आडवाणी,** वयोवृद्ध भाजपा नेता

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी: मोदी



**संबलपुर (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी



**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

## सिविल जज का सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

### 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में ग्रहण किया था कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ज्योत्सना राय

▶▶ पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

▶▶ डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार

▶▶ अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

> महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। -**आलोक प्रियदर्शी**, एसएसपी

न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। महिला जज की साथी न्यायिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जज के आवास पहुंच गए। कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य संकलित किए। जज के कमरे में रखी डायरी से लाल पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ज्योत्सना राय ने खुद के अवसाद में होने की बात लिखी है। कई अन्य बातों का जिक्र भी किया है। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन और सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## मौत का तमाशा रचने के बाद पलटीं पूनम पांडे

**मुंबई, एजेंसी।** सर्विकल (गर्भाशय से संबंधित) कैंसर से अपनी मौत की खबरों के बीच अभिनेत्री पूनम पांडे ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके जानकारी दी कि वह अभी जीवित हैं। अभिनेत्री तथा उनकी टीम ने सर्विकल कैंसर के बारे अहम जागरूकता फैलाने के लिए झूठी खबर फैलाई। उनकी मौत की खबर के बाद सोशल मीडिया पर गंभीर बहस छिड़ गई थी। कई मीडिया संगठनों ने पूनम पांडे की मौत की खबर दी थी लेकिन पुष्टि नहीं थी। पूनम पांडे (32) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि मैं जीवित हूं। मुझे सर्विकल कैंसर नहीं हुआ है लेकिन दुखद रूप से इसने हजारों महिलाओं की जान ली है जिनके पास इस बीमारी से निपटने के बारे में जानकारी नहीं है।



▶▶ अभिनेत्री ने कहा-सर्विकल कैंसर के प्रति जागरुकता को उड़ाई फर्जी खबर

## पांच घंटे के प्रयास में केजरीवाल को सौंपा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर 3 दिन में देना होगा जवाब

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा हमने उन्हें (केजरीवाल) नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद अधिकारियों को आखिरकार नोटिस सौंपा गया।

इससे पहले, सिविल लाइंस में केजरीवाल के आवास पर एक नाटकीय घटनाक्रम हुआ, क्योंकि अपराध शाखा की एक टीम जांच के सिलसिले में उन्हें नोटिस देने एक बार फिर शनिवार को वहां पहुंची। अपने आवास पर कुछ पुलिस कर्मियों का एक वीडियो साझा करते हुए केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नोटिस तामील कराने के लिए भेजे गए पुलिस अधिकारियों से उन्हें सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध रोकना उसका (पुलिस का) कर्तव्य है लेकिन उसे नाटक में शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा कि इस मुद्दे पर नाटक क्यों किया जा रहा है जबकि पार्टी जानती है कि पिछले कुछ वर्षों में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर देश भर में अन्य पार्टियों की सरकारें गिराने के पीछे कौन था? केजरीवाल ने पिछले सप्ताह आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली में उनकी सरकार गिराने के लिए आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।

### समन का जवाब नहीं देने पर ईडी ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पेश नहीं होने पर शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यहां एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष दायर की गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को तय की। न्यायाधीश ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 50 के अनुपालन में उपस्थित नहीं होने के लिए नई शिकायत प्राप्त हुई है।

## पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बुधवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

## सीबीआई ने सीएपीएफ में भर्ती को लेकर की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

▶▶ कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

### विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

## कैंसर से बचना है तो करें उपवास



**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नईं तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफ्लिट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।



### शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिंस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैंलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**

☞ मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री राम कथा सुबह 9 बजे।

☞ रोशन बाग स्थित सांसद के आवास पर बैठक का आयोजन पूर्वाह्न 11बजे।

# विद्यालयों में बनेंगी स्मार्ट कक्षाएं, लगेंगे प्यूरीफायर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ सांवरिया फॉर्म में बैठक में सांसद ने दी जानकारी, गांवों में लगाई जाएंगी 1000 सोलर लाइटें



**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट व विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण कराया जाएगा।

अजीतपुर स्थित सांवरिया फॉर्म में शनिवार दोपहर बैठक में सांसद ने कहा कि पूर्व में उनके द्वारा केंद्र सरकार को दिए गए प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जगह-जगह लगभग 1000 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्थित विद्यालयों में शिक्षा को सुगम बनाने के लिए स्मार्ट कक्षाओं का भी निर्माण कराया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इन कार्यों से लोकसभा क्षेत्र की बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। विद्यालयों में अध्यापकों और विद्यार्थियों को शिक्षा में प्रतिदिन समस्याओं को सामना करना पड़ता था। विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण होने से विद्यार्थियों को शिक्षा में सरलता मिलेगी। कई ग्राम पंचायत में अंधेरा रहता है। 1000 सोलर लाइटों के लगने से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ जल मिशन के अंतर्गत चिह्नित स्थान व संस्थानों में सोलर वॉटर प्यूरीफायर का भी निर्माण किया जाएगा। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को पीने के लिए साफ और स्वच्छ जल मिल सके।

## कम प्रीमियम पर बीमा कराने पर खत्म हो जाएगा परिवार का आर्थिक जोखिम, डब्ल्यूएचओ की थीम है क्लोज दि केयर गेप

# कैंसर दिवस पर परिवार को बचाने के लिए जल्द कराएं बीमा

**विश्व कैंसर दिवस पर विशेष**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



"परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने के मामले में बीमा जरूर करा लें। मौजूदा हालात में युवाओं को टर्म इंश्योरेंस के बारे में नजरिया तुरंत बदलने की जरूरत है। युवाओं की जिंदगी हर समय खतरे में रहती है। दिल का दौरा पड़ने से बीस से बाइस वर्ष के युवा दुनिया छोड़ रहे हैं। सड़क हादसों में मरने वालों में भी युवाओं की गिनती सबसे अधिक है, जो भी युवा टर्म इन्श्योरेंस कराने की सोच रहे हैं वे विलंब नहीं करें। सभी बीमा पॉलिसी बांड फाइल में रखकर नॉमिनी को अवश्य सौंप दें।" -अनुज अग्रवाल, वरिष्ठ बीमा सलाहकार



"कैंसर के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं समाज में पुराने समय से बनी हुई हैं। इसके कारण सही समय पर चिकित्सक की सलाह नहीं मिल पाती। सही जानकारी, समय से जांच के बाद होने वाला इलाज कैंसर को हरा सकता है। विश्व कैंसर दिवस पर डब्ल्यूएचओ की थीम है, क्लोज दि केयर गेप। अर्थात कैंसर की पहचान और इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है। शिक्षा के अभाव के कारण लोग समय से जांच नहीं कराते हैं और मौत के मुंह में पहुंच जाते हैं।" -डॉ. रितु भूटानी

**अमृत विचार :** देश में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन, अभी भी लोगों की रुचि कैंसर पॉलिसी लेने में नहीं है। कैंसर होने पर शारारिक पीड़ा, मानसिक तनाव मरीज के अलावा पारिवारिक सदस्यों को होता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है, लोग कर्ज लेकर इलाज करा रहे हैं। लेकिन, कैंसर पॉलिसी लेने में सक्षम होने के बाद भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस बार डब्ल्यूएचओ ने विश्व कैंसर दिवस की थीम क्लोज दि केयर गेप रखी है।

स्वास्थ्य बीमा देने वाली कंपनीज कैंसर के इलाज का खर्च कवर कर रही हैं। अधिकांश लोगों को पता नहीं है कि जीवन बीमा कंपनीज की ओर से भी कैंसर पॉलिसी बहुत कम प्रीमियम पर उपलब्ध है। एलआईसी, अन्य निजी कंपनियां भी कैंसर पॉलिसी उपलब्ध करा रही हैं। जब भी किसी से कैंसर पॉलिसी को लेकर चर्चा होती है तो लोगों को बुरा लगता है कि आप हमारे परिवार के बारे में अच्छा नहीं सोचते हैं। लोगों का रुझान टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी की ओर बढ़ रहा है, लेकिन कैंसर पॉलिसी को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है।

देश में कैंसर का प्रभाव महिलाओं में ज्यादा है, लेकिन अभी भी सभी भारतीय महिलाओं के जीवन पर बीमा लेने के प्रति नजरिया बदलने को तैयार नहीं है। नाथ नगरी बरेली निवासी वरिष्ठ बीमा सलाहकार अनुज अग्रवाल 1991 से बीमा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनका मानना है कि लोग जब तक बीमा को जरूरी नहीं मानेंगे और जीवन, स्वास्थ्य, जनरल इंश्योरेंस की जानकारी के लिए किसी प्रोफेशनल, अनुभवी विशेषज्ञ के कार्यालय में मिलकर जानकारी नहीं लेंगे तब तक भारतीयों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। देश में अभी भी एजेंट्स लोगों से मिलकर बीमा पॉलिसी के लिए कह रहे हैं। डिस्काउंट के लालच में आकर लोग ऐसी पॉलिसी ले रहे हैं, जिसकी उन्हें जरूरत नहीं थी।

कैंसर पॉलिसी को लेकर हर भारतीय को तुरंत गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। वरना, भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति कर्ज में डूबती रहेगी। हर युवा को टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी के साथ-साथ कम से कम 10 से 25 लाख तक के सम एश्योर्ड की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी जरूर लेना चाहिए। जीवन बीमा कंपनियों की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कैंसर पॉलिसी के लाभ समझ कर अवश्य लेना चाहिए। कैंसर पॉलिसी को लेकर विशेष जागरुकता अभियान जीवन, स्वास्थ्य बीमा कंपनीज को चलाना चाहिए।

**एक नजर**

### 20 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने अभियान चलाकर 20 लीटर शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस थाने ले आई। जहां उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी है। थाना केमरी पुलिस ने नन्हे पुत्र पूरनलाल निवासी पिपलिया तीन पानी थाना केमरी को बलखेड़ा तिराहे से 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस उसको थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है।

### पटवाई पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई पुलिस दो आरोपियों को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी महेन्द्र पुत्र रामस्वरुप उर्फ रामप्रसाद निवासी ग्राम मथुरापुर गिरफ्तार किया। राम ओतार पुत्र रामराशी निवासी ग्राम जोलपुर को शिव मन्दिर ग्राम मडैयान जौलपुर से पकड़ा। पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई की है।

# शहर क्षेत्र में आठ घंटे नहीं मिली बिजली आपूर्ति

## पानी की टंकियां हुईं खाली, मोबाइल व इन्वर्टर हुए डिस्चार्ज, सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बदले गए तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला जेल रोड, लाल कबर और मछली बाजार समेत कई मोहल्लों में शनिवार को आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों के घरों में इन्वर्टर जवाब दे गए। पानी की टंकियां खाली हो गईं और मोबाइल भी डिस्चार्ज हो गए। शाम छह बजे के बाद बिजली आने पर लोगों को राहत मिली।

आरडीएसएस योजना के तहत डूंगरपुर, रजा बिजलीघर के पुराने तार बदलने जा रहे हैं। सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक कार्य जारी रहा। तारों को बदलने को लेकर पहले दोनों बिजलीघरों का शटडाउन पनवड़िया और लालपुर से लिया गया। शाम होते ही घरों में अंधेरा छा गया।



जेल रोड पर तार बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

इस बीच मोहल्लों के लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से संपर्क किया तो बताया कि तारों को बदला जा रहा है। यह सिलसिला पहाड़ी गेट, थाना सिविल लाइंस और अजीतपुर क्षेत्र में जारी रहा। यहां भी बिजली नहीं आने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हुई। मोबाइल की बैटरी की चार्जिंग खत्म होने की वजह से लोग एक दूसरे से संपर्क नहीं कर पाए। विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि काफी समय से शहर में जर्जर तार लटके थे। इन तारों को बदला जा रहा है। कार्य कराए जाने से पहले मिस्टनगंज, जामा मस्जिद, हजरतपुर, सैती, सराय गेट, नालापार, ठोठर, चौक मोहम्मद सईद खां और कटरा जलालुद्दीन में आरडीएसएस योजना के तहत पुराने तारों को बदला गया।

**दो दिन तक हजारों उपभोक्ताओं ने झेला बिजली संकट**

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत दो दिन तक हजारों लोगों ने बिजली संकट झेला। इसके लिए विद्युत निगम के अधिकारियों को सूचित किया था। दो और तीन फरवरी को पुराने तारों और केबल बदले जाएंगे। इसके लिए सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिकारियों, कर्मचारियों की उदासीनता के चलते शाम छह बजे के बाद लाइट सुचारू हुई। दो घंटे अतिरिक्त होने पर उपभोक्ताओं ने अधिकारियों को फोन घुमाने शुरू कर दिए।

"पुराने तार को बदलवाने के लिए किला, रजा इंटर कालेज बिजलीघर क्षेत्र की सप्लाई का शट्डाउन लिया गया था। शाम छह बजे के बाद सप्लाई को सुचारू कर दिया है, तारों को बदलने से निर्बाध रूप से शहरवासियों को सप्लाई मिलेगी।" -इमरान खां, एक्सईएन प्रथम



नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान को बुके भेंट करते लोग। ● अमृत विचार

# सैफनी को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलने से लोगों में खुशी

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद सैफनी के लोगों में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान का स्वागत किया।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आदर्श नगर पंचायत बनने पर सैफनी में विकास कार्य के लिए अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। इस धनराशि से पेयजल, सैपटेज मैनेजमेंट, सड़क, साइड पटरी, जलनिकासी, फुटपाथ, सोलर लाइट, एलईडी लाइट, सार्वजनिक शौचालय, सामुदायिक केंद्र, गोशाला का निर्माण होगा। सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन कर लोगों को नगरीय सुविधा मुहैया कराने व समेकित एवं नियोजित विकास को प्रोत्साहन देने के लिए शासन ने सैफनी को आदर्श नगर पंचायत योजना में शामिल किया है। अरविंद जोशी, पंकज शर्मा, गुड्डू भाई, छोटे, जाबिर हुसैन, गालिब हुसैन, साबिर आदि रहे।

## हज आजमीनों की कराई जाएगी स्क्रीनिंग

**रामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ ने जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी प्रभारियों को हज यात्रा जाने वाले यात्रियों की जांच के बाद निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अनुमोदित मेडिकल स्क्रीनिंग होगी। हज यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जिला अस्पताल, सीएचएसी, पीएचसी में मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने समस्त चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र स्वार, टांडा को निर्देशित किया है। बिलासपुर, शाहबाद, मिलक, चमरौआ रजपुरा, चमरौआ को निर्देशित किया है।




प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी, साथ में संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीए सजल अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद की संकल्प शाखा जिले के प्रत्येक विद्यालय के छात्र-छात्राओं में भारत की संस्कृति का उद्घोष करना चाहती है। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों को सम्मानित किया गया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संकल्प शाखा भारत विकास परिषद की शनिवार को गोष्ठी हुई। इसमें छात्रों और अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारत की संस्कृति, महापुरुषों की तपस्या और देश के शूरवीरों के त्याग की जानकारी देना था। पुलकित अग्रवाल ने बच्चों की मेमोरी को बढ़ाने और किसी भी विषय को अधिक समय तक कैसे याद रखा जा सकता है इस बारे में टिप्स दिए। मुदित अग्रवाल ने छात्रों को बताया कि अध्यापक और माता-पिता का जीवन में क्या महत्व है। आचार्य अवधेश सिन्हा ने कार्यक्रम कराकर शाखा के सभी पदाधिकारियों को उत्साहित होने का मौका दिया। संकल्प शाखा भारत विकास परिषद संकल्प लेती है कि रामपुर जिले के प्रत्येक विद्यालय में जाकर भारतीय संस्कृति और विरासत के बारे में बच्चों को जागरूक करने का कार्य करेगी। बाद में बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस तरह के कार्यक्रमो में छात्रों को प्रतिभाग कराने के लिए अग्रसर रहते हैं।

## जौहर यूनिवर्सिटी को संरक्षण में लेने के लिए चलेगा अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर यूनिवर्सिटी को संरक्षण में लेने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सरकार के संरक्षण में लेने को रविवार से शहर में अभियान जारी रहेगा। इसको लेकर युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर 26 नवंबर से ग्राम सींगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी जो शहर में जारी है। रविवार से वार्ड 17, टंकी नंबर पांच, घेर मीरबाज खान से सपा नेता पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले में दोपहर एक बजे से सप्ताह भर चलेगा।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल महिला ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

# महिला प्रधानों को जीपीडीपी के मूल सिद्धांत की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिला प्रधानों का शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रशिक्षक इशांत शर्मा, शहनाज सिद्दीकी ने पंचायत राज व्यवस्था, ग्राम सचिवालय की सेवाओं, जीपीडीपी के मूल सिद्धांत के बारे में जानकारी दी।

ब्लॉक सभागार चमरौआ में 29 जनवरी से तीन फरवरी तक पंचायत राज विभाग की ओर से जिले की समस्त महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण किया गया। महिला प्रधानों को नेतृत्व क्षमता का विकास, सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया। प्रधानों को खंड विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी चमरौआ, जिला समन्वयक मोहम्मद जकी खान, मैनेजर डीपीआरसी फैकल्टी अमरोहा सतेंद्र शर्मा रहे।

## मेले में बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

**रामपुर, अमृत विचार :** बेरोजगारों के लिए हर ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन होगा। उनको कौशल विकास मिशन के माध्यम से शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण प्रदान कराने के बाद हुनरमंद बनाया जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राज्य सरकार की रोजगारन्मुखी नीति के अनुसार, युवाओं को शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। जिले में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें 8 फरवरी को मेला बिलासपुर आईटीआई में लगेगा। नौ फरवरी को मिलक, 14 को शाहबाद में मेला लगेगा। स्वार में 15 फरवरी और चमरौआ में 17 फरवरी और सैदनगर में 20 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें मेलों में युवा शामिल हो सकते हैं।

**जरूरत** मरीजों की सुविधा को देखते हुए यूनिट के संचालन के लिए अस्पताल प्रशासन ने शासन को लिखा पत्र

# ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का नहीं हो सका संचालन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दो साल बाद भी जिला अस्पताल के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का संचालन नहीं हो सका है। यूनिट भवन में कीमती मशीनें हैं, इनका इंस्टालेशन भी हो चुका है। इसके शुरू होने पर गंभीर रोगियों को काफी सहूलियत मिलेंगी।

जनपद में डेंगू, मलेरिया, आग से जलने के बाद पीड़ितों के मामले आते हैं। इन पीड़ितों को ब्लड की जरूरत होती है। इसमें कई पीड़ितों को सहयोगी तत्व चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक में ब्लड पृथक्कीकरण की सुविधा नहीं होने से काफी दिक्कतें आती थीं। इसको देखते हुए अस्पताल में वर्ष 2022 में ब्लड बैंक में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट तैयार कराई गई थी। सेपरेशन यूनिट में मशीनों की सहायता से ब्लड से तीन अलग-अलग तत्व निकालने का काम किया जा सकेगा। सेपरेशन यूनिट तो बनकर तैयार हो गया है इसमें तत्वों को अलग करने की कई मशीनें भी आ चुकी हैं। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. शमीम ने बताया कि ब्लड में तीन प्रकार के कंपोनेंट होते हैं, इनमें रेड ब्लड सेल प्लाज्मा और प्लेटलेट्स शामिल हैं।

सेपरेशन यूनिट में ब्लड को घुमाया जाता है। इसमें ब्लड परत दर परत लेयर बाई लेयर हो जाता है और आरबीसी, प्लाज्मा प्लेटलेट्स अलग अलग हो जाते हैं जरूरत के मुताबिक इनको निकाल लिया जाता है। निकाले गए ब्लड के प्रत्येक तत्व की अलग-अलग अवधि होती है। एक यूनिट में 3 से 4 लोगों की जरूरत पूरी की जा सकती है।



ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में रखीं मशीनें। ● अमृत विचार

**अस्पताल प्रशासन को लाइसेंस का इंतजार**

जिला अस्पताल के प्रथम तल पर ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का भवन तो बनकर तैयार हो गया है। इनको बनाए जाने में 5.5 लाख रुपये का खर्च हुआ है। यहां पर फर्श में टाइल्स और मार्बल का पत्थर लगाया गया है। सारी मशीनें भी आ चुकी हैं। यूनिट के संचालन के लिए अस्पताल प्रशासन ने लाइसेंस के लिए शासन को लिखा गया है। शासन से अनुमति मिलने के बाद यूनिट का संचालन हो सकता है। इसके संचालन होने से गंभीर रोगियों को ब्लड से इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सारी व्यवस्थाएं अस्पताल में मुहैया होने लगेंगी।

"ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट बन गया है, इसमें कुछ मशीनें लगने से रह गईं थीं। इनको लगाए जाने के लिए शासन को लिखा गया है, उनके बाद इंस्टालेशन भी करा दिया गया है। इसके संचालन के लिए लाइसेंस की जरूरत है। उम्मीद है कि जल्द ही लाइसेंस मिल जाएगा।" -डॉ. एचके मित्रा, सीएमओ

# जनता से करें योजनाओं की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व्रलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मिशन 2024 को सफल बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जनता के बीच चर्चा करेंगे। किसान मोर्चा के नेतृव में आने वाले समय में किसान ग्राम परिक्रमा का आयोजन प्रत्येक गांव में किया जाना है।

राम विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार दोपहर किसान मोर्चा की कार्यशाला हुई। इसमें व्रलेश यादव ने कार्यशाला का आरंभ किया। बताया कि पांच और छह फरवरी को जिले के पदाधिकारी सभी मंडलों में प्रवास करेंगे। कार्यकर्ता अपनी रूप रेखा बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ऋषि पांडे ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर पूरे प्रदेश में नंबर एक का स्थान प्राप्त करेगा। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, सौरभ पाल सिंह क्षेत्र उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री नवजीत चौधरी, प्रमोद, मोनी पांडे, आशीष गंगवार, रणधीर राणा, अनुभव शर्मा, अखिल पांडेय, सुनील मौर्य, विपिन, रामगोपाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व्रलेश यादव व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यशाला**

▸▸ रूप रेखा बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करें कार्य

## एक नजर

### रजा टैक्सटाइल्स के मामले में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रजा टैक्सटाइल्स कॉलोनी निवासी और मजूदूर संघ के पूर्व सचिव प्रेम तिवारी ने बताया कि दो फरवरी को रजा टैक्सटाइल्स का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसमें अधिवक्ता पूजा श्रीवास्तव और रोशनी शुक्ला ने बहस की। कहा कि जो धनराशि बची हुई है। उसका भुगतान कर्मचारियों को किया जाए। ईपीएफ का रिकार्ड जनरल रजिस्ट्रार के पास है, उसे भी रिलीज किया जाए। अब इस मामले में 22 फरवरी को सुनवाई होगी।

### छह फरवरी को गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा

**शाहबाद, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट के गृह विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा छह फरवरी को कराई जाएगी। सभी विद्यार्थियों को समय से कॉलेज में पहुंचना जरूरी है।

### सुबह खिली धूप, दिन भर चलती रही सर्द हवा, शाम को छाए बादल

# जिले में आज और कल वर्षा के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार और सोमवार को बादलों की गरज के साथ वर्षा होने के आसार हैं। हालांकि, शनिवार सुबह धूप खिली लेकिन शीतलहर से सर्दी का क्रम जारी रहा। लोगों ने छतों और पार्कों में गुनगुनी धूप का आनंद लिया।

फरवरी शुरू होते ही सर्दी से लोगों को राहत मिली है। वर्षा के बाद दो दिन से तेज धूप निकल रही है, लेकिन धूप के साथ तेज हवा चल रही है। शनिवार सुबह से ही मौसम साफ रहा। बच्चे और बड़े घर की छतों व पार्कों में नजर आए। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रर्ता 50 प्रतिशत रही और वायु वेग 16 किमी प्रति घंटा रहा। शाम होते ही पारा लुढ़क गया और शीत लहर से सर्दी बढ़ गई। इस बीच रेलवे स्टेशन, रोडवेज अड्डा, हाईवे किनारे लोग अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाते दिखे। सुबह कोहरा के बीच हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। उधर, मौसम साफ हो जाने के कारण वाहनों को सवारियां अधिक संख्या में मिलने लगी है। मैजिक वाहन चालक रामस्वरुप का कहना है कि सवारियां मिलने के बाद अपने डीजल का खर्चा निकल रहा है।



शनिवार शाम आकाश में छाए बादल। ● अमृत विचार

> पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से चार और पांच फरवरी को बादलों की गर्जन और चमक के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं। कुछ स्थानों पर तीन फरवरी की रात्रि से ही वर्षा शुरू हो सकती है। इसकी तीव्रता चार फरवरी को अधिक रहने के आसार हैं। – डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### चकफेरी गांव में प्रांतीय महिला सम्मलेन आज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** भाविप द्वारा क्षेत्र में पहली बार प्रांतीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संस्था से जुड़ी महिलाएं शामिल होंगी।

शनिवार को भारत विकास परिषद की शाखा के उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने बताया कि रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव चकफेरी स्थित एक अस्पताल के ग्राउंड में प्रांतीय महिला सम्मलेन का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह दस बजे प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव डा. गौरव व प्रांतीय वित्त सचिव अजय कुमार कट्टा तथा प्रांतीय महिला संयोजिका कविता खुराना सहित आदि लोग शामिल रहेंगे।

उन्होंने संस्था से जुड़े पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील की है। इस मौके पर सुनील तनेजा, दीपक गुप्ता, अमित अग्रवाल, करुणा अग्रवाल सहित आदि लोग रहे।



मेडिकल स्टोर में जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# मेडिकल स्टोरों पर छापा चार दवाओं के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने नकली, अधोमानक, नशीले की दवाओं और प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम के लिए कार्रवाई की। मेडिकल पर छापा मारकर चार दवाओं के लिए नमूने लिए।

शहर स्थित पीला तालाब पर सिटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में फाइन मेडिकल स्टोर व लकी फार्मा पर छापा मारा। एक रजिस्टर, क्रय विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन संतोषजनक नहीं पाया गया। बताया कि निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल को प्रेषित किया जा रहा है। चार संदिग्ध नमूने लिए गए, जो राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई टली

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई सात फरवरी को होगी।

अब्दुल्ला के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला ने अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाए हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है। अब बचाव पक्ष को गवाह पेश करने हैं। पिछली तारीख पर अब्दुल्ला के अधिवक्ता ने 29 गवाहों की सूची सौंपी थी। जिसमें शनिवार को अब्दुल्लाआजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इस कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में सात फरवरी को सुनवाई होना है।

# खनन रोकने को आज से अधिकारी करेंगे चेकिंग

### जिलाधिकारी ने बनाईं समितियां, विभिन्न क्षेत्रों में तैनात अधिकारी करेंगे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर अंकुश लागने के लिए अभियान 28 फरवरी तक प्रवर्तन की कार्रवाई निर्बाध रूप से चलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र स्वार में मसवासी तिराहा पर उपजिलाधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी स्वार, खनन अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, नायब तहसीलदार स्वार को रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक तैनात रहेंगे।

कलेक्ट्रेट में शनिवार को डीएम ने आदेश जारी कर अधिकारियों की समितियां बनाई हैं। ये अधिकारी रविवार से ही खनन रोकने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी करेंगे। खनन के धंधेबाज प्रशाासन को चकमा देकर ओवरलोड वाहनों को दौड़ाते हैं। जिले में खनन नहीं रुक पा रहा है। मानपुर तिराहा पर तहसीलदार स्वार, चौकी इंचार्ज मसवासी एवं मिलक नौखरीद पुलिया पर नायब तहसीलदार स्वार एवं प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार की ड्यूटी लगाई गई है।

केला खेड़ा रोड ग्राम रायपुर में उपजिलाधिकारी स्वार को अपने स्तर से ड्यूटी लगाने के लिए निर्देश दिए हैं। तहसील क्षेत्र सदर में अजीमनगर चौराहा, करनपुर, नगलिया आकिल में उपजिलाधिकारी सदर, नायब तहसीलदार सदर तैनात रहेंगे। इनके अवाला थानाध्यक्ष अजीमनगर, चौकी इंचार्ज मुरसैना, खौद चौराहा पर नायब तहसीलदार सदर, चौकी इंचार्ज खौद, ज्वालानगर, अजीतपुर चौराहा पर तहसीलदार सदर, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन, चौकी इंचार्ज अजीतपुर की रात्रि आठ बजे से प्रातः आठ तक ड्यूटी लगाई गई है। तहसील क्षेत्र टांडा में मुख्य तिराहा दढ़ियाल-टांडा-स्वार को जाने वाले मार्ग पर उपजिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा, प्रभारी निरीक्षक थाना टांडा, चौकी इंचार्ज दढ़ियाल, लालपुर तिराहा (बाया सैदनगर चौकी-मानकपुर बंजरिया जाने वाले मार्ग) पर तहसीलदार टांडा रहेंगे। चौकी इंचार्ज सैदनगर, सीकमपुर तिराहा पर नायब तहसीलदार टांडा, राजस्व निरीक्षक टांडा, उप निरीक्षक पुलिस टांडा, चौखंडी अकाल अकादमी निकट लोहिया पुल पर नायब तहसीलदार तैनात रहेंगे।

**सख्ती**

- रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक की जाएगी अवैध खनन, ओवरलोडिंग की चेकिंग

**बिलासपुर में तैनात रहेगी टीम**

तहसील क्षेत्र बिलासपुर में बिलासपुर चौराहा, केमरी, रामपुर मार्ग पर उपजिलाधिकारी बिलासपुर, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थाना बिलासपुर, उत्तराखंड बार्डर डिबडिबा पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार तैनात रहेंगे। चौकी इंचार्ज रूद्र-बिलास चीनी मिल बिलासपुर को रात आठ बजे से प्रात: आठ बजे तक तैनात किया गया है। शाहबाद में थाना पटवाई रामपुर से शाहबाद को जाने वाले मार्ग पर उपजिलाधिकारी शाहबाद, प्रभारी निरीक्षक थाना पटवाई तैनात रहेंगे। मिलक में भी केमरी तिराहा (मिलक को जाने वाले मार्ग) पर उपजिलाधिकारी मिलक, क्षेत्राधिकारी मिलक, तहसीलदार मिलक, नायब तहसीलदार मिलक एवं प्रभारी निरीक्षक मिलक चेकिंग करेंगे।

> तहसील स्वार के मिलक, नौखरीद पुलिया एवं तहसील टांडा के चौखंडी अकाल अकादमी पर टास्क फोर्स के सदस्य 24 घंटे उपस्थित रहकर चेंकिग करेंगे। उपजिलाधिकारी सहयोग के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को भी लगाएंगे। क्षेत्राधिकारी स्वार, टांडा इन चेक प्वाइंट पर राजस्व टीम के साथ आवश्यकतानुसार पुलिस बल की ड्यूटी लगा सकते हैं। – जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी

**संयुक्त जांच दल ओवरलोड वाहनों पर करेगा कार्रवाई**

संयुक्त जांच दल ओवरलोड खनिज पदार्थों के नियम विरूद्ध परिवहन करने वाले मालयान वाहनों के विरुद्ध चालान, सीज करने की कार्रवाई करेगा। अतिरिक्त भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की ओर से की गई व्यवस्था के क्रम में बिना परिवहन प्रपत्र के उप खनिज के परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर सरकारी सम्पत्ति की चोरी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में नामित सदस्य यथा उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी की अनुपस्थिति में थाना प्रभारी, तहसीलदार की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में चौकी इंचार्ज प्रवर्तन की कार्रवाई करेंगे। उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी अपने विवेकानुसार चेक पोस्ट पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं पुलिस बल की तैनाती कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी यह सूचना देंगे, जनपद में किन किन स्थानों पर वन विभाग की चेक पोस्ट स्थापित हैं।

### छेड़खानी के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** कॉलेज जा रही छात्रा के साथ युवकों ने छेड़खानी की। घर पहुंची छात्रा ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा को लेकर चौकी पहुंचे पिता ने नामजद तहरीर पुलिस को देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मामले मे पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी घर से फरार हो गए हैं।

मामला क्षेत्र के एक गांव का है। गांव की निवासी युवती नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा-9 की छात्रा है। आरोप है कि बीते कई दिनों से गांव का ही निवासी युवक छात्रा से रास्ते में छेड़खानी करता है। विरोध करने पर अश्लील टिप्पणी करता है। शुक्रवार को ट्यूशन के बाद घर पहुंची छात्रा ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद छात्रा को लेकर चौकी पहुंचे पिता ने पुलिस को तहरीर दी। चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को तहरीर के आधार पर जीशान और रेहान पुत्र अब्दुल हसन के खिलाफ खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन इंस्पेक्टर, कई दरोगा के कार्यक्षेत्र बदले गए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कई पुलिस कर्मियों को भी किया गया इधर से उधर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार को तीन इंस्पेक्टर और कई दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। कई पुलिसकर्मियों को भी इधर से उधर किया गया है।

इंस्पेक्टर योगेंद्रपाल सिंह को निरीक्षक अपराध थाना गंज से पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक अमरेश चंद्र को निरीक्षक थाना सिविल लाइन से निरीक्षक अपराध थाना गंज बनाया गया है। निरीक्षक प्रदीप कुमार प्रभारी शिकायत प्रकोष्ट से निरीक्षक अपराध सिविल लाइन भेजा है। दरोगा अमित कुमार को थाना अजीमनगर से प्रभारी चौकी खौद बनाया है। नीरज कुमार को थाना टांडा से पुलिस लाइन स्थानानान्तरण किया गया। महिला दरोगा संध्या रावत को थाना गंज से थाना मिलकखानम, वर्षा कौर को पुलिस लाइन से थाना गंज, नीशा देवी को पुलिस लाइन से थाना बिलासपुर भेजा गया। दरोगा संतोष कुमार को प्रभारी चौकी गुजर टोला से थाना अजीमनगर, महेन्द्र सिंह को प्रभारी चौकी रज्जड से थाना भोट, भावना चौधरी को थाना सिविल लाइन से प्रभारी चौकी गूजर टोला, बीना चौधरी को पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी रज्जड़, अरविन्द कुमार को थाना स्वार से न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया। इसके अलावा मुख्य आरक्षी हरेंद्र सिंह को थाना स्वार से न्यायालय सुरक्षा, महिला मुख्या आरक्षी नीरू गिरि को थाना मिलक से पुलिस लाइन भेजा गया है। सिपाही मोहम्मद आरिफ को कार्यालय क्षेत्राधिकारी शाहबाद से सीसीटीएनएस थाना गंज, पूजा रानी को थाना मिलक से थाना कोतवाली, विशाल कुमार को पुलिस लाइन से सम्मन सैल भेजा। सुनील यादव को थाना मिलकखानम से थाना अजीमनगर, पुनीत कुमार को थाना मिलकखानम से थाना अजीमनगर भेजा है। इसके अलावा सिपाही नवनीत को थाना केमरी से एसओजी भेजा गया। विक्रांत को थाना कोतवाली से एसओजी, मुस्तकीम अहमद को चौकी मसवासी से एसओजी भेजा गया है।

### सुरपरवाइजर के खिलाफ चोरी में दर्ज कराई रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** नकदी व पेन ड्राइव चोरी के मामले में फैक्ट्री में कार्यरत प्रोडक्शन सुपरवाइजर के खिलाफ कंसलटेंट की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना भोट क्षेत्र के फैजुल्लानगर गांव स्थित रतना मशीन प्राइवेट लिमिटेड के कंसलटेंट सिराज अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उनकी कम्पनी के नियम के अनुसार, किसी भी कर्मचारी को काम छोड़ने से दो माह पूर्व सूचना देनी होती है। उनकी फैक्ट्री में मोहम्मद परवेज प्रोडक्शन सुपरवाइजर था। कुछ दिन पूर्व उसने बिना किसी पूर्व सूचना के काम पर आना बंद कर दिया और फोन भी नहीं उठा रहा है। इस दौरान कार्यालय में देखा गया तो एक लाख 10 हजार रुपये की नकदी व एक पेन ड्राइव भी गायब है। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि प्रोडक्शन सुपरवाइजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मजदूरी करने गए तीन लोगों के घरों में ताले तोड़कर चोरी

संवाददाता, ढकिया

- गांव नादरगंज में हुई वारदात पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नादरगंज में तीन लोगों के घरों के ताले तोड़कर चोरों ने 70 हजार का सामान चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तीनों गृहस्वामियों को दी। गृहस्वामियों ने घर पहुंचने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी शुरू कर दी है।

ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव नादरगंज निवासी हुकम सिंह, कल्लू और राजवीर परिवार सहित मजदूरी करने के लिए घरों के ताले लगाकर करीब एक माह पूर्व पंजाब गए थे। बताया गया कि चोरों ने तीनों लोगों के घरों के ताले तोड़कर बर्तन, कपड़ों सहित 70 हजार रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। जब पड़ोसी ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह तीनों के घरों के ताले टूटे देखे तो फोन कर गृह स्वामियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर हुकम सिंह आदि लोग अपने घर पहुंचे। पुलिस को घरों में चोरी हो जाने की सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। हालांकि पुलिस ने गांव के कई लोगों को हिरासत में पूछताछ की है। ग्रामीणों का कहना है कि घरों से चोरी हुआ कुछ सामान भगवतीपुर गांव के जंगल से पुलिस ने बरामद भी किया है।

### परीक्षा देने जा रही छात्रा से छेड़खानी

**शहजादनगर, अमृत विचार :** कॉलेज में परीक्षा देने जा रही छात्रा से आरोपी ने छेड़खानी की। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 27 जनवरी को कॉलेज में बीए की परीक्षा देने घर से निकली थी। जब वह रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंची तो यहां पहले से ही क्षेत्र के अताईनगर गांव निवासी देवेंद्र लाल मौजूद था। इस दौरान देवेंद्र ने छात्र को अकेला देख अश्लील बातें कीं। छात्रा ने विरोध किया, तो वह छेड़खानी करने लगा। लोगों को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घटिया सामग्री लगाने पर नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शहर में निर्माणाधीन सांस्कृतिक सद्भावना मंडप का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंडप की डीपीआर के अनुसार, प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। मंडप के मार्ग निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर नाराजगी जताई।

पनवड़िया के पास काफी समय से सद्भावना मंडप की मरम्मत कराई जा रही है। शनिवार को जिलाधिकारी वहां पहुंचे। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सीमेंट, सरिया, टाइल सहित विभिन्न सामग्रियों के मानकों का भी सत्यापन किया। परिसर में मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता में कमी को देखकर नाराजगी जताई।

प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण कराना तय करें। कहा कि अगर निर्माण में कमी पाई गई तो कार्रवाई होगी। कहा, मानक के अनुसार ही कार्य किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन के मौजूद रहे।



सद्भावना मंडप के कार्य की जानकारी लेते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**निरीक्षण**

- प्रोजेक्ट मैनेजर को दिए निर्देश कहा, निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता नहीं होगी बर्दाश्त

### मानक के अनुसार सड़क निर्माण न होने पर किया प्रदर्शन

**मिलक, अमृत विचार :** गांव रेवड़ी कलां में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ठेकेदार और ग्राम प्रधान पर धांधली के आरोप लगाए।

ग्रामीणों ने मांग की कि उनके गांव में पूर्व में पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाई थी, जो क्षतिग्रस्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पुनः सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क की चौड़ाई न कराकर मात्र तीन मीटर की बनाई जा रही है। सड़क के दोनों ओर खाली जगह छोड़ी जा रही है। दोनों तरफ जलनिकासी के लिए नालियों का भी निर्माण नहीं कराया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में सरोज, चुप सिंह, नन्हे राम, माकुल, हरद्वारी सिंह, वसीम अहमद, बन्ने बाबू, प्रेम शंकर, जाहिद असरफ, कादिर, सलीम, जाखिर हुसैन, सुलेमान, टिंकू, बादशाह आदि रहे।

**मांग** प्रदेश के बजट से व्यापारियों को कई उम्मीदें, कर प्रक्रिया का सरलीकरण कराने की मांग उठाई

# व्यापार करने के लिए राहत दे प्रदेश सरकार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े जिले को लंबे समय से किसी बजट में व्यापारियों को कुछ खास नहीं मिला है। जिले की सबसे पिछड़ी तहसील शाहबाद के व्यापारियों को प्रदेश सरकार के बजट से उम्मीदें हैं। व्यापारी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बजट में राहत चाहते हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में कस्बा काफी पिछड़ा हुआ है। बड़े व्यापारियों के साथ ही छोटे और मझले व्यापारी भी सरकार से राहत चाहते हैं। छोटे और मझले व्यापारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार को प्रदेश के अधीन आने वाले करों में रियायत करनी चाहिए। नए उद्योग लगाने के लिए सरकार को प्रोत्साहन देना चाहिए। नए उद्योग लगाने के लिए कम ब्याज पर ऋण देना चाहिए। व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए सरकार कर प्रक्रिया का सरलीकरण करे।



> कर की प्रक्रिया बहुत जटिल है। छोटे और मझले व्यापारियों के लिए करों में राहत दी जानी चाहिए। कर प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कर प्रक्रिया जटिल होने से व्यापार करने में परेशानी होती है। – महेश कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार मंडल



> महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। परिवहन भी महंगा हो गया है। इसका असर व्यापार पर पड़ रहा है। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए परिवहन खर्च कम होना चाहिए। ताकि व्यापार में आसानी हो सके। – सुशील अग्रवाल, व्यापारी



> व्यापारियों की कर संबंधी समस्या का तत्काल समाधाम किया जाना चाहिए। करदाता होने के कारण सम्मान भी दिया जाना चाहिए। कर कार्यालयों में उनकी बात और समस्या सम्मानपूर्वक सुनकर उसका समाधान किया जाए। – राकेश माली, कारोबारी



> नए व्यापरियों के लिए कर विभाग में पंजीकरण प्रक्रिया सरल की जाए। सर्वे के नाम पर व्यापिरयों का शोषण रोका जाए। सरकार के बजट में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीतियों की घोषणा की जाए। –पंकज बरनवाल, कारोबारी

### रठौंडा मेला के लिए मजिस्ट्रेट नामित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत की ओर से गांव रठौंडा में शिवरात्रि किसान मेले का आयोजन छह से 23 मार्च तक किया जाएगा। डीएम जोगिन्दर सिंह ने मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम मिलक मोनिका सिंह को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया है।

उन्होंने बताया कि नामित मेला मजिस्ट्रेट, एसडीएम जनपद में प्रभावी दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के प्रतिबन्धों का अनुपालन कराएं। मेले के सकुशल आयोजन के दृष्टिगत अपर मुख्य अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, विद्युत, चिकित्सा व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से व्यवस्थाएं तय कराएंगे।

# फोन पर महिला को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर दिया तलाक

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने पत्नी को केरल से फोन पर तीन तलाक दे दिया। इसके बाद पत्नी ने थाना गंज में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला ठोठर निवासी तरन्नुमु बी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 2002 को उसका निकाह चौकी हजियानी निवासी सैयद जिया उल हसन से हुआ था। पिता की मौत के बाद महिला के भाई ने शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद सब कुछ सही चल रहा था। इस दौरान महिला ने एक बेटे और एक बेटी हो जन्म दिया। उसके पति ने कुछ समय बाद उससे रुपयों की मांग शुरू कर दी। महिला अपने भाई से करीब 50 हजार तो कभी दो लाख रुपये लाकर देती रही। अब कुछ समय से महिला का पति उससे पांच लाख रुपये और कार की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट किया करता था। 28 जनवरी की रात को उसके पति ने केरल से फोन कॉल कर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। जिसकी रिकार्डिंग मोबाइल में है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी पति पर रिपोर्ट दर्ज की है।

**महिला का भाई उठा रहा है बच्चों की पढ़ाई का खर्च**

तरन्नुम बी ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद उसका पति पैसों की मांग करता रहता था। एक बेटा और बेटी की पढ़ाई का खर्चा भी उसका भाई उठा रहा था। महिला के पति ने उससे पिछले साल साढ़े चार लाख रुपये मांगे थे। महिला ने शादी टूटने के डर से अपने भाई से लेकर साढ़े चार लाख रुपये लाकर दे दिए थे। फिर भी और मांग रहा था। महिला ने अपने भाई और बच्चों को पति से जान खतरा बताया है। वह बदमाशों से किसी भी समय मायके वालों को नुकसान पहुंचा सकता है या फिर झूठे मुकदमे में फंसा सकता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### शीरी बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स आज से शुरू

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हजरत शीरी बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स व मेला रविवार से प्रारंभ होगा। इसको लेकर दरगाह कमेटी ने सभी तैयारियों को मुकम्मल कर लिया गया है। शनिवार दोपहर बाबा की दरगाह पर सज्जादानशीं भूरा मियां, सज्जन मियां व अफसर मियां ने बताया कि उर्स व मेले की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। जायरीन के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। रविवार सुबह पहला कुल शरीफ होगा। दरगाह पर चादरपोशी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। उर्स सात, मेला 14 फरवरी तक चलेगा। उर्स के दिनों में चादरपोशी, लंगर, कव्वाली, तकरीर के कार्यक्रम होते रहेंगे। प्रशासन की अनुमति के बाद पुलिस ने भी उर्स व मेले के लिए सुरक्षा के सभी इंतजाम कर लिए हैं। व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के लिए प्वाइंट बनाए हैं।

### पुलिस ने वारंटी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अभियान के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी तालीब पुत्र बाबू निवासी नालापार मोरी गेट को पकड़ा है। आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस उसे कोतवाली ले आई। इसके बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस आरोपी का चालान करने की तैयारी में थी।

# जमीनों से अवैध कब्जे हटवाएं अधिकारी

## मिलक में तहसील समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, रामपुर/मिलक



तहसील समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी।

**अमृत विचार:** जिले भर में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मिलक तहसील में हुए समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। इस दौरान 38 शिकायतों में से जिलाधिकारी ने पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया। तहसील सदर में 15 शिकायतें आईं और पांच का ही निस्तारण हो सका।

मिलक तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान बिजली बिलों में अनियमितता, राशन, अवैध कब्जे, पेंशन न मिलने और अन्य विभागों की कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने बिलों में अनियमितता की कई शिकायतें आने पर विद्युत विभाग के अभियंता को निर्देश दिया। कहा कि ऐसी अनियमितता की वजह से आमजन को काफी दिक्कतें आ रही हैं, जो उचित नहीं है। अगले 10 दिन में ऐसी सभी समस्याएं दूर हो जानी चाहिए।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनें और उनके समाधान को लेकर भी गंभीरता दिखाएं। कहा कि जिन विभागों की जमीनों पर अवैध कब्जे हैं, उन विभागीय अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे राजस्व और पुलिस टीम की सहायता लेकर जमीनों से अवैध कब्जे हटवाएं। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एसडीएम मिलक मोनिका सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील सदर में समाधान दिवस का आयोजन अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह की देखरेख में हुआ।



शाहबाद में शिकायत सुनते एसडीएम सुनील कुमार व अन्य।

### 13 शिकायतों में से सिर्फ तीन का ही निस्तारण

**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील सभागार में शनिवार आयोजित हुए तहसील समाधान दिवस में 13 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में एसडीएम सुनील कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि राजस्व विभाग की छह, पुलिस विभाग की एक, विकास विभाग की दो, विद्युत विभाग की एक, पूर्ति विभाग की दो व सहकारी समिति की एक शिकायत आई। तीन शिकायतों का निस्तारण कर बाकी को निस्तारण के लिए विभागों को भेज दिया गया। अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि शिकायत का एक बार में ही निस्तारण किया जाएं। ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों में नहीं आना पड़े। शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण करने में लापरवाही नहीं हो, वरना, संबंध पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ अतुल पांडेय, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, एडीओ पंचायत वेदप्रकाश शर्मा, पूर्ति लिपिक विजय शुक्ला, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।



फरियादियों की शिकायतें सुनते सीडीओ डॉ. नंदकिशोर कलाल।

# सीडीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं, एक का निस्तारण

संवाददाता, स्वार

▸▸ तहसील समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुईं

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील सभागार में समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने शिकायतें सुनीं। राजस्व, पुलिस, विकास, बिजली, परियोजना कार्यालय से संबंधित 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अधिकारी समाधान दिवस में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएं। ऐसा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार अशोक संत, बीईओ विजय कुमार, वन रेंजर मुजाहिद हुसैन, नायब तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र केसरवानी, एआरओ अजयवीर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा समेत विभिन्न विभागो के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोगों की शिकायतों को अधिकारी दें प्राथमिकता : एडीएम

संवाददाता,बिलासपुर

▸▸ 16 समस्याओं में से दो का ही किया गया निस्तारण

▸▸ अपर जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की शिकायतें



लोगों की समस्याएं सुनते अपर जिलाधिकारी लालता प्रसाद शाक्य व अन्य।

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी लालता प्रसाद शाक्य ने कहा कि तहसील समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को अधिकारी प्राथमिकता दें। फरियादियों की समस्याओं की तत्काल जांच कर कार्रवाई करें।

शनिवार सुबह 10 बजे उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में समाधान दिवस में 11:15 बजे पहुंचे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लालता प्रसाद शाक्य और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने शिकायतें सुनीं।

एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने वाले समाधान दिवसों में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर प्राथमिकता दें। समस्याओं की पहले जांच करें फिर कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि अपनी समस्याओं को लेकर फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। समाधान दिवस में कुल 16 फरियादी ही समस्याएं लेकर पहुंचे। दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी, सीडीपीओ मुदिता तिवारी, मंडी समिति सचिव सोमेंदु कौशिक, अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, एसडीओ प्रदीप कुमार प्रसाद, कैनाल एसडीओ सलमान अहमद, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, वन क्षेत्रीय अधिकारी अमित कुमार आदि रहे।

### उद्यान विभाग की भूमि हो कब्जा मुक्त : शंखधार

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी जोगिन्द्र सिंह को एक पत्र सौंपा। नगर की कीमती भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मिलक नगर में उद्यान विभाग की भूमि पर रामलीला है। यहां श्रीरामलीला का मंचन, श्री श्याम बाबा का संकीर्तन और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। सरकारी भूमि पर कुछ दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। भूमि को कब्जा मुक्त कराने का अनुरोध भारतीय किसान संघ ने स्थानीय प्रशासन से किया था। लेकिन अभी तक सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। राजस्व कर्मचारी ने भूमि को कब्जा मुक्त कराए।

# बिजली विभाग की सबसे अधिक 11 शिकायतें आई

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 शिकायत प्राप्त हुईं। जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास भेज दिया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 29 शिकायत प्राप्त हुई। जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित आठ,

पुलिस विभाग से एक,पूर्ति निरीक्षक की एक,खंड विकास कार्यालय की चार,लीड बैंक की एक शिकायत आईं। विद्युत विभाग की 11, अधिशासी अधिकारी टांडा एक, महिला कल्याण विभाग की एक,प्रांतीय लोक निर्माण विभाग की एक शिकायत प्राप्त हुई। जिनमें केवल एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

उपजिलाधिकारी अरुण कुमार,सीओ रविन्द्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, अंकुर अत्तल, पूर्ति अधिकारी अलोक सिंह, एसडीओ टांडा शुभम आदि उपस्थिति रहे। इस मौके पर दो विकलांग को नायब तहसीलदार अमित कुमार द्वारा तहसील परिसर में कंबल वितरण किए।

### समाधान दिवस में वृद्धा ने लगाई मदद की गुहार

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील समाधान दिवस में शनिवार को गांव पटिया निवासी खिमिया ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। पत्र में बताया कि वह बेसहारा और वृद्ध महिला है।

कुछ समय पहले उसके पति दोदराज ने अपनी कृषि भूमि लखविंदर पुत्र सिपाही लाल को बेची थी। जमीन विक्रय के एक लाख रुपये लखविंदर पर शेष रह गए थे। उसने रुपये मांगे तो लखविंदर टाल-मटोल करने लगा। बाद में पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था। लेकिन गांव के कई लोगों के सामने आरोपी ने कहा था कि वह कुछ समय बाद उसके रुपये दे देगा।

# राम को जानने के तीन उपाय : बृजेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लोगों को प्रवचन देते कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक। • अमृत विचार

▸▸ अग्रवाल धर्मशाला में श्री राम कथा का तीसरा दिन

**अमृत विचार :** श्री राम सत्संग मंडल की ओर से आयोजित सात दिवसीय रामचरितमानस प्रवचन के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि रामायण में भगवान राम को जानने के तीन उपाय बताए गए हैं।

उसमें पहले हैं संत कृपा, दूसरा भक्ति कृपा और तीसरा भगवान की कृपा। महाराज जनक ने प्रभु राम को संत विश्वामित्र की कृपा से जाना और गांव में रहने वाली ग्रामीणों ने प्रभु राम को भक्ति स्वरूप सीता के माध्यम से जाना।

शहर के बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार सुबह 9 बजे कथा शुरू हुई। कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि हनुमान जी ने प्रभु राम को प्रभु की कृपा से जाना। इन तीनों उपाय में संत की कृपा सबसे सरल उपाय है। इसीलिए हमारे धर्म ग्रंथो में सत्संग को बड़ा महत्व दिया गया है, जो व्यक्ति ईश्वर के संदर्भ में जानना चाहता है उसके लिए सर्वप्रथम सत्संग का ही आश्रय लेना होगा। भक्ति मार्ग में पहली सीढ़ी सत्संग और अंतिम भगवान के चरणों का अनुराग है। भगवान का अनुराग प्राप्त करने के लिए निरंतर सत्संग करना चाहिए। कथा शुरू होने से पूर्व कथा व्यास का स्वागत गिरिराज शरण अग्रवाल ने किया।

श्री राम कथा में गोविंद गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अनिल रस्तोगी, अनीता गुप्ता और प्रेमलता सक्सेना आदि मौजूद रहे।





ग्राम प्रहरी को कपड़े बांटते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव। • अमृत विचार

# गांवों में पैनी नजर रखें प्रहरी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** गांवों में तैनात प्रहरियों को प्रोत्साहित करने के लिए एएसपी ने गोष्ठी के माध्यम से उन्हें गर्म कपड़े व जूते वितरित किए। उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए।

कोतवाली परिसर में शनिवार दोपहर एक गोष्ठी हुई। इसमें कई गांवों में तैनात प्रहरी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने गोष्ठी में आए 83 प्रहारियों का मनोबल बढ़ाया। शीतलहर से बचाने के लिए कोट, स्वेटर, जूते व साफे आदि वितरित किए। प्रहरियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान एएसपी ने कहा कि गांवों में तैनात प्रहरी ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ साथ पुलिस के लिए भी बेहतरीन कार्य करते हैं। इसलिए उनके इस कार्यों की प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें प्रोत्साहन करने के लिए गर्म वर्दी उपलब्ध कराई गई।

# कमजोर वर्ग को निशुल्क मिलेगी सहायता

संवाददाता, मसवासी



मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र सिंह सिराडी को तांबे की प्रतिमा भेंट करते प्रबंधक।

**अमृत विचार :** ज्योति धागा उद्योग प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र सिंह सिराडी ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ की हिलटॉप सामाजिक संस्थान को मदद करेंगे। वह गरीब और कमजोर वर्ग को लेगों को भी निशुल्क सहायता देंगे।

बाजपुर मार्ग स्थित दौराहा में शनिवार को ज्योति धागा उद्योग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कार्यक्रम हुआ। इसमें हिलटॉप इंटरनेशनल एकेडमी चगेठी, अल्मोड़ा के प्रबंधक और सचिव हरीश सिंह चौहान ने बताया कि मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र सिंह सिराडी ने उत्तराखंड कुमाऊ के अति दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र की निशुल्क सामाजिक संस्थान हिलटॉप इंटरनेशनल एकेडमी को आजीवन आर्थिक मदद करने का भरोसा दिया है। हमें अपने क्षेत्र के बच्चों के लिए भी कुछ करना चाहिए। डायरेक्टर महेंद्र सिंह ने निर्धन, असहाय परिवारों के बच्चों की पीड़ा को देखते हुए संस्थान को पूर्व में फर्नीचर के लिए 50, 000 रुपये कक्ष निर्माण के लिए 100000 रुपये का आर्थिक सहयोग किया। प्रबंधक चौहान ने बताया कि महेंद्र सिंह को दुर्गम क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं के पास मैदान आदि समस्या को देखते हुए सिराड़ी खेल मैदान व क्रीड़ा हॉल निमार्ण के लिए प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थान और खेल प्रतिभाओं को हर संभव मदद करते हैं। संस्थान की ओर से बालक-बलिकाओ को निशुल्क शिक्षा, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, बैग दिए जाते हैं।

त्योहार

अकीदतमंदों ने मिट्टी के कूंडों में मीठी पूड़ियां भरकर फज्र की नमाज के बाद पढ़वाई नियाज

# लोगों ने इमाम जाफर की दिलाई नियाज, मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



घर में पूड़ियों पर नियाज पढ़ते अकीदतमंद।

**अमृत विचार :** 22 रजब यानी तीन फरवरी को छठे इमाम जाफर अल सादिक की नियाज का सिलसिला फज्र की नमाज के बाद से देर रात तक चलता रहा। अकीदतमंदों ने मिट्टी के कूंडों में मीठी, नमकीन पूड़ियों और खीर पर नियाज दिलाई। लोगों ने नियाज चखकर मुरादें मांगीं। मुरादें पूरी होने पर माहे रजब में पूड़ियों पर नियाज दिलाई जाती है।

सुबह से ही लोग एक-दूसरे के घर नियाज चखने पहुंचे और दुआ मांगी। मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग, मिर्जा मुज्तबा अली, नदीम हुसैन, शब्बर मियां, मुज्तबा आब्दी, इरफान जैदी, जौहर सैफी, चांद मियां, मुन्ने मियां समेत काफी घरों में नजरों-नियाज का सिलसिला चलता रहा। हिंदी फीचर फिल्म नियाज और नमाज में प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी द्वारा गाया गया यह गीत आज भी खूब गुनगुनाया जाता है, 22वीं रजब की यह घड़ी बड़ी रहमतों की है, कूंडों की यह नियाज बड़ी बरकतों की है।

ऐ मोमिनों नियाज दिलाओ इमाम की, बाकर के लाल साहिबे आली मुकाम की। यह गीत खूब प्रसिद्ध हुआ था और फिल्म भी सुपरहिट हुई थी। फिल्म में भी कूंडों की नियाज का खाका खींचा गया। 22 रजब 1445 हिजरी को अकीदतमंद मीठी और नमकीन पूड़ियों पर नियाज दिलाते हैं। बताया कि यह मशहूर नियाज दिलाई जाती है। इसकी वजह यह है कि मदीने में एक बार काल पड़ गया था और लोग खाने के लिए मोहताज हो गए थे।

ऐसी हालत में हजरत बाकर के फरजंद हजरत जाफर-अल-सादिक के पास पहुंचे। उन्होंने मदीने के हैसियतमंद, पैसे वाले लोगों को बुलाया और कहा कि अपने घर पर एक-एक वक्त मुकर्रर कर लिया जाए और उनका खाना करें। सभी दौलतमंदों ने जाफर-अल-सादिक की बात को कुबूल किया और मदीने के लोगों को भुखमरी से निजात मिली।



> 1445 हिजरी से लोग इमाम जाफर-अल-सादिक के फरमान की मान्यता के अनुसार नियाज पढ़वा रहे हैं। लोगों को खाना खिलाने से घर में खैर-ओ-बरकत होती है। लोग इस मौके पर अपनी-अपनी मुरादें भी मांगते हैं और मुराद पूरी हो जाने पर पूड़ियों पर हजरत जाफर-अल-सादिक अलैहिस्सलाम की नियाज दिलाते हैं।
>
> **– मौलाना जमान बाकरी, इमाम मस्जिद किला**

### राशन कार्ड बनवाने और साफ-सफाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन नेशनल लीग पार्टी के पदाधिकारियों ने राशन कार्ड बनवाने, नाले नालियों की साफ-सफाई कराए जाने को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद समाधान दिवस में ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली सलमानी ने कहा कि आनलाइन प्रक्रिया के तहत राशन कार्ड बनवाए जाने की प्रतियां जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में जमा करा दी गई है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यालय में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कहा कि वार्ड नंबर 25 के मोहल्ला घेर सखी में नाले-नालियों की समय से साफ- सफाई नहीं होने पर लोगों के घरों में सीलन आ रही है, स्थिति यह है कि घरों में रखे घरेलू कागजात सारे भीग रहे हैं। इस दौरान नूर बी, आसिफ, असीफा, जरीफ सलमानी, गुलरेज हसन, अजीम सलमानी अमान और जकी उल्लाह आदि शामिल रहे।



सीएचसी में प्रभारी को निर्देश देते सीडीओ। • अमृत विचार

# सीएचसी प्रभारी को पार्किंग की नीलामी कराने के निर्देश

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान परिसर में वाहनों को खड़ा देखकर सीएचसी प्रभारी को पार्किंग की नीलामी कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को सीडीओ डॉ. नंदकिशोर कलाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएचसी परिसर में बेतरतीब वाहनों को खड़ा देखा तो सीडीओ ने सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेश चौधरी को पार्किंग स्थल चिह्नित कर नीलामी कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने औषधि कक्ष, ओपीडी, आइपीडी, इमरजेंसी कक्ष, लैब, डोट्स लैब, जननी सुरक्षा केंद्र, ऑपरेशन थियेटर, एनबीएसयू कक्ष का निरीक्षण किया। पार्किंग स्थल को चिह्नित कर नीलामी कराने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### मंदिर का सामान चुराया

शाहबाद, अमृत विचार : ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव में ग्झरपट्टी में चोरों ने मंदिर को निशाना बना लिया। ग्राम प्रधान सुमित कुमार के मुताबिक शुक्रवार रात में चोरों ने मंदिर में लगे इन्वर्टर, बैटरी, पंखा एवं घंटा समेत करीब बीस हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### क्षेत्र में की पैदल गश्त

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान कई थाना प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक रोजाना पैदल गश्त करते हैं। उसी के चलते शनिवार को भी राजेश द्विवेदी द्वारा अपराध नियन्त्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना सिविल लाइन क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल के पैदल गश्त की।

### मालगोदाम के पास ट्रक और कंटेनर की हुई भिड़ंत

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार रात को मालगोदाम के पास रात करीब 11 बजे ट्रक और कंटेनर की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई थी। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। कुछ ही देर में वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद किसी तरह से दोनों वाहनों को सड़क किनारे लगवाया। फिर कही जाकर जाम खुल सका।

### 10 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने अभियान चलाकर एक आरोपी को दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। फिर उसके बाद कानूनी कार्रवाई कर दी। थाना पटवाई पुलिस द्वारा छत्रपाल पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम सहबिया खुर्द तिराहा के पास से एक जरीकैन में 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना पटवाई पर धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई कर दी।

### तमंचे के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश परअपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना टांडा पुलिस द्वारा आरोपी जाहिद अली पुत्र अब्दुल राशिद निवासी मोहल्ला आजादनगर को एक तमंचा 12 बोर व एक कारतूस मिला है।

# लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा पर खुशी जताई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लाल कृष्ण आडवाणी के साथ मौजूद शिव बहादुर सक्सेना। ● फाइल फोटो

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा से जिले के भाजपाइयों में खुशी का माहौल है। पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने अपने युवाकाल में उनके साथ बिताए पलों को साझा किया है।

लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा के मौके पर पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना का कहना है कि वह 1980 में युवा थे। जब भारतीय जनता पार्टी बनी। पहली बार पार्टी को चुनाव निशान कमल का फूल मिला था। तब उन्हे रामपुर शहर से भाजपा का चुनाव कमल के फूल से लड़ने का गौरव प्राप्त हुआ था। लालकृष्ण आडवाणी उस चुनाव की सभा में यहां आए थे। वह चुनावी सभा मिस्टन गंज में हुई थी। 44 वर्ष पहले आडवाणी के साथ मंच साझा करने का मौका मिला था। उस समय वह कहते थे कि पत्थर में बीज बोया है, इसको वट वृक्ष बनाने में हम सब को बहुत मेहनत करना होगी। उनकी इस बात की गांठ लगा ली और आज तक पार्टी में इसी भावना से काम कर रहा हूं।

## जिले में हर रोज 7.58 लीटर दूध की है मांग, 7.40 लाख लीटर उत्पादन

# 18 हजार लीटर दूध नकली या मिलावटी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में खपत हो रहा 18 हजार लीटर दूध नकली है या फिर मिलावटी। आंकड़ों के अनुसार, 7.58 लीटर प्रतिदिन दूध की मांग है, जबकि प्राकृतिक और परंपरागत संसाधनों से 7.40 लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है।

दूध की सप्लाई पशुपालकों द्वारा की जाती है। इसके बाद दूध डेयरी या फिर दूधिया के जरिए लोगों तक पहुंचता है। लेकिन मांग अधिक होने के चलते दूध की सप्लाई में खेल होता है। दूधिया और डेयरी वाले मिलकर खेलते हैं। जनपद की आबादी 27 लाख से अधिक है और 7.58 लीटर प्रतिदिन की मांग है। 7.40 लीटर लाख दुग्ध समितियां, डेयरियां से सप्लाई हो रहा है। जनपद में 2.71 लाख दुधारू पशु हैं। दूध की मांग अधिक और आपूर्ति कम होने के कारण सिंथेटिक दूध या फिर पानी की मिलावट कर खपत की जा रही है। फेल होते ही दूध के नमूनों से बात सामने आ चुकी है। यह आलम तब है कि विभाग खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही हैं।

**खेल**

- उत्पादन के मुकाबले खपत अधिक, आपूर्ति करने में डेरियां और दूधिया करते हैं खेल

> त्योहार के अलावा समय- समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें दूध की डेयरियों, मिठाई की दुकानों पर खाद्य पदार्थों की परख के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। मिलावट पाए जाने पर प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जुर्माना भी लगाया जाता है।
> – सुशील कुमार शर्मा, अभिहित अधिकारी

### 2023 में 326 पदार्थों के लिए सैंपल, 197 में मिली मिलावट

वर्ष 2023 में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के विभागीय अधिकारियों ने छापेमारी कर 326 नमूने लिए। जिसमें 197 नमूने फेल हुए है। इसमें 142 दुकानदारों के खिलाफ एडीएम कोर्ट में वाद-दायर किए गए हैं। 197 नमूने फेल होने पर 35.36 लाख रुपये का जुर्माना डाला गया है। ज्यादातर दूध में मिलावट मिली है। मिलावट होने से लोगों की सेहत पर काफी प्रभाव पड़ रहा हैं।

# किसानों का कर्ज माफ कर बिना ब्याज दिया जाए ऋण

## पंचायत में भाकियू ने अंतरिम बजट को बताया निराशाजनक

संवाददाता, बिलासपुर



किसानों को संबोधित करते भाकियू भानू के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनीफ वारसी।

**अमृत विचार :** भाकियू भानू के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि अंतरिम बजट में किसान और मजदूरों का कोई ख्याल नहीं रखा गया। सरकार ने बजट में उनकी अनदेखी की।

शनिवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की पंचायत नगर के मोहल्ला भट्टी टोला स्थित एक मैदान में हुई। इसमें किसान नेताओं ने कहा कि महंगाई के हिसाब से फसलों के दाम सरकार नहीं दे पा रही है और न ही दाम तय कर पाई है। कृषि में इस्तेमाल होने वाली हर वस्तु के दाम कई गुना बढ़ा दिए गए हैं। लेकिन फसल के दाम अभी तक नहीं बढ़ पाए हैं। इसलिए किसानों को कृषि यंत्र 50 प्रतिशत सब्सिडी पर दिए जाएं। किसानों का कर्ज माफ किया जाए और बिना ब्याज के किसानों को लोन दिया जाए। कहा कि केंद्र सरकार को बजट में किसानों और मजदूरों का ख्याल रखना चाहिए था। बजट से किसानों को निराशा मिली है। पंचायत में मुराद खान, फैजान अली, इमरान खान, कामरान मियां, अमन खान, वाहिद खान, चोखेलाल, महेंद्र सिंह, हफीज खान, अशोक कुमार, पप्पू सिंह, सैयद जमाल, आरिफ मियां, शाहनवाज खान, गुड्डू अली, आरिफ अली, शाकिर अली, प्रेमपाल सिंह, हरपाल सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

**पंचायत**

- मोहल्ला भट्टी टोला स्थित एक मैदान में हुई भाकियू की पंचायत

# पीड़ित परिवार ने मदद की मंडलायुक्त से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर गेट स्थित एक कॉलोनी की युवती ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की थी। कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया गया था। युवक का पीड़ित परिवार प्रशासनिक अधिकारियों से मिल चुके है। कोई सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने मंडलायुक्त से मदद की गुहार लगाई है।

शनिवार को अखिल भारतीय युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य, अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेशा अध्यक्ष महेश कुमार सागर के संग पीड़ित परिवार के लोग मुरादाबाद कमिश्नर से मिले। जहां उन्होंने मंडलायुक्त से कहा कि उनके बेटे को एक युवती ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया है। सचिन बिलासपुर की एक फैक्ट्री में कार्य करता है। युवती ने जो आरोप लगाए है उस समय की सचिन बिलासपुर की फैक्ट्री में कार्य कर रहा था। इसकी जांच के लिए फैक्ट्री से सीसीटीवी फुटैच देखे जा सकते हैं। युवती खुद ही युवती अपनी मर्जी से माता-पिता की पिटाई से प्रताड़ित होकर घर से भागकर ट्रक में बैठ गई थी। इसकी वीडियो अधिकारियों को दिखाई गई है लेकिन कोई भी मानने को तैयार नहीं है।

इस मामले में पीड़ित परिवार के लोगों ने अहम साक्ष्य में मंडलायुक्त को भी दिखाए। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। इस दौरान नीतू, पूजा, कमलेश, अंजू, सियाराम, राजेंद्र, लक्ष्मी, महावती, चंद्रपाल, सुखलाल, दिनेश कुमार, सुरेश, छोटेलाल, मिंटू आदि शामिल रहे।

**आरोप**

- युवती के अपहरण के आरोप में युवक को भेजा गया था जेल
- युवक के परिजनों ने युवती के आरोप को गलत बताया



थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, साथ मेंअन्य। ● अमृत विचार

# एसपी ने ग्राम प्रहरियों से संवाद करने के दिए निर्देश

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना मिलक और महिला थाना परामर्श केंद्र का वार्षिक निरीक्षण। ग्राम प्रहरियो से संवाद कर निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक शनिवार को थाना मिलक और महिला थाना परामर्श केंद्र पहुंचे। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट और उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। थाना परिसर में बैरक, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष, भोजनालय में सफाई व्यवस्था देखी।

# प्रशिक्षण से बच्चों को निपुण बनाएंगे शिक्षक

संवाददाता, मिलक



ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण में शामिल शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिलक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को हिंदी भाषा एव गणित में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

शनिवार को मिलक नगर के हाईवे स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में निपुण भारत मिशन एफ एल एन के अंतर्गत आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित हिन्दी व गणित के अधिगम स्तर को सशक्त बनाने क्रम में शिक्षकों को दो समूह में दिए जाने वाले प्रशिक्षण में तीसरे दिन कक्षा एक से कक्षा तीन तक के बच्चो को हिंदी भाषा के बारे में बताया। गणित पढ़ाने के नायाब तरीके सिखाए गए। जिससे बच्चों की मानसिक बुद्धि का बेहतर विकास हो सके। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर सके। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पहले चरण में दो समूह में सौ शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभिन्न चरणों मे प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं व शिक्षा मित्र होंगे। इसके उपरांत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शनिवार को अकादमिक रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रभाकर गौतम, होमेन्द्र देव, सत्यपाल सिंह, सुमित कुमार व अंकुर शुक्ला ने प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा ब्लॉक संसाधन केंद्र मिलक पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालयों को निपुण करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

## सार संक्षेप



बैठक में बाद मौजूद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### भाजपा के गांव चलो अभियान की सौंपी जिम्मेदारी

भोट, अमृत विचार : भाजपा के गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक में शनिवार को कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। गांव वाजिदपुर स्थित पंचायत भवन में चमरौआ मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान के तहत गांव-गांव जाकर पार्टी व सरकार की नीतियों, योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी। जिला संयोजक सुरेश चन्द्र गंगवार ने कहा कि भाजपा का गांव चलो अभियान चार फरवरी से 11 फरवरी तक चलाया जाएगा। गांवों में भाजपा कार्यकर्ता रात्रि प्रवास कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को देंगे। प्रवास के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को जोड़ने, ब्रांड एबेंसेडर बनाने और नमो ऐप डाउनलोड कराने का कार्य भी किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी, मोहन कुमार लोधी, राज किशोर सैनी, पूरन लाल लोधी, लालता प्रसाद लोधी, ओमकार, शिशु पाल लोधी, गजेन्द्र सैनी कान्ता प्रसाद आदि मौजूद रहे।



जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में खिलाड़ी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### इमरती की टीम ने इमरता को दी करारी शिकस्त

सैदनगर, अमृत विचार : रसूलपुर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को इमरती क्रिकेट टीम ने इमरता को 131 रन से हरा दिया। पहले खेलते हुए इमरती की टीम ने 236 रन बनाए, जबकि इमरता की टीम 105 रन बनाकर आउट हो गई। इमरता की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इमरती की ओर से बल्लेबाज रेहान ने 64 रन बनाए। मुजस्सिन ने 41, साद ने 33, जीशान ने 23, इंतखाब ने 21 रनों का योगदान दिया। इमरता की ओर से मुराद और फरमान ने दो-दो विकेट लिए। विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी इमरता की टीम 105 रन बनाकर ढेर हो गई। इमरती की ओर से सर्वाधिक 64 रन बनाने वाले रेहान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। विजय टीम को थाना अध्यक्ष शहजाद नगर ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. जावेद, डा. जुनैद, मास्टर शरीफ अहमद, मास्टर मोहम्मद आसिफ, मास्टर नसीम अहमद, डॉक्टर शमशेर, डा. मेराज, अनवर अली आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ी को धनराशि देते सीओ सिटी एवं संस्था के पदाधिकारी।

### पैरा ओलंपिक खिलाड़ी को दी धनराशि

रामपुर, अमृत विचार : पैरा ओलंपिक खिलाड़ी रुचि को सीओ सिटी की मौजूदगी में वीर खालसा सेवा समिति की ओर से प्रोत्साहित राशि प्रदान की गई। ओलंपिक क्वालीफाई करने के लिए धनराशि की जरूरत को पूरा करने के लिए वीर खालसा सेवा समिति ने सहयोग किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, समाजसेवी सरदार मनमीत सिंह, वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, सेवा सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह मौजूद रहे।

### छात्रों को इंजीनियरिंग के बारे में दी जानकारी

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शनिवार को छात्रों को बस से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2023-24 में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ से 12 के विद्यार्थियों की प्रदेश के भीतर उच्च संस्थान आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के अंतर्गत छात्रों को विभाग अध्यक्षों द्वारा इंजीनियरिंग विभाग, फाइन आर्ट विभाग, विधि विभाग एवं विभिन्न प्रकार की प्रयोगशालाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शैक्षिक भ्रमण प्रभारी राकेश कुमार भट्ट ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन यात्रा से छात्रों को समूह में रहने की प्रवृत्ति, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होती है। इस अवसर पर बनवारी लाल, अनिल कुमार, सुधीर कुमार, अजय कुमार वर्मा, हीरालाल, संजय दिवाकर, सौदान सिंह, करण सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

**जागरूकता** हार्टअटैक की स्थिति में मरीज के सीने को बार-बार करें पंप

# टीम ने बताए आपदा से बचाव के उपाय

संवाददाता, शाहबाद/सैफनी





आपदा से बचाव के उपाय बताते एनडीआरएफ टीम के सदस्य।

**अमृत विचार :** शाहबाद तहसील सभागार और नगर पंचायत सैफनी में शनिवार दोपहर सामूहिक आपदा प्रबंधन व जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन के निरीक्षक सपन कुमार दुबे की अगुवाई में टीम के सदस्यों ने आपदा से बचाव के उपाय बताए।

लोगों को बाढ़, अग्निकांड, भूकंप, सर्पदंश, शॉर्ट सर्किट, पानी में डूबने, हार्टअटैक, बाढ़ के दौरान होने वाली परेशानियों व घरेलू उपचार की जानकारी दी गई। कृत्रिम स्ट्रेचर, कृत्रिम श्वास देने के तरीके, पट्टी बांधने के बारे में प्रयोग करके भी दिखाया। एनडीआरएफ की टीम ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की उपयोगिता व कार्य पर प्रकाश डाला। बताया कि बाढ़ से पहले लोगों को एक किट तैयार कर लेनी चाहिए। इसमें सूखे भोज्य पदार्थ, मोमबत्ती, इमरजेंसी लाइट, प्राथमिक उपचार की दवा, रेडियो, तिरपाल आदि रख लेनी चाहिए। जैसे ही प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट की सूचना मिले, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को छोड़ देना चाहिए। सर्पदंश के समय घबराना नहीं चाहिए। सर्पदंश से कम बल्कि दहशत से ज्यादा मौतें होती हैं। पानी में डूब रहे व्यक्ति को रस्सी लटकाकर या लट्ठे के सहारे बचाएं। इसके बाद प्राथमिक उपचार के तौर पर उसे पेट के बल लेटाकर या उसके पैरों को हल्का उठाकर उसके पेट में भरा पानी निकालें। अतिशीघ्र उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज के सीने को बार-बार पंप करें व कृत्रिम श्वास दें। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खां, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, सहायक उपनिरीक्षक सतीश कुमार, कमलेश कुमार, रिस्क्यूर्स पंकज उपाध्याय, पंकज डिमरी, महिमन सिंह, बलबीर राणा, मनीष रमोला, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरी की चार बाइकों के साथ दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

रुद्रपुर, अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से लगातार हो रही बाइक चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर चार चोरी की बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर और थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को ठाकुरनगर निवासी सुरजीत कुमार ने बाइक संख्या यूपी-26 जेड-9259 चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत करवाया था। इसके अलावा दो फरवरी को कृष्णा कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने अपनी बाइक संख्या यूपी-25 बीएफ-7114 के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इलाके में लगातार हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम का गठन किया गया था।

# मेले में पशु पालकों को दी जानकारी

संवाददाता, सैदनगर





मेले में पशु पालकों को संबोधित करतीं पशु धन प्रसार अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव दिलपुरा में शनिवार को पशु आरोग्य मेले में 50 पशुओं का गर्भ परीक्षण भी किया। मेले में ग्रामीण विकास संस्थान ने भी प्रतिभाग किया।

मेले का आरंभ मंडल अध्यक्ष एवं किसान सेवा सोसाइटी के चेयरमैन वीरपाल पाल ने फीता काटकर किया। पशु धन प्रसार अधिकारी ने गो पूजन कराया। मेले में पशु विभाग की ओर से आई चिकित्सकों की टीम में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों को पशुओं से संबंधित खानपान व देख रेख के बारे में जानकारी दी। बताया कि गाय, भैंस को दवा एवं मिनरल मिक्सर अवश्य खिलाएं।

जिससे पशुओं में बांझपन की समस्या उत्पन्न न हो सके। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने 350 पशु पालकों को पशुओं के लिए दवा दी। 125 पशुओं की बांझपन चिकित्सा सेवा दी गई और 50 पशुओं का गर्भ परीक्षण भी किया गया। इस दौरान डॉ. साक्षी सिंह डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अजय कुमार, डॉ. जोश कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी रेनू, मुबाशिर अली, सहयोगी संस्था आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान टीम में राजीव कुमार मौजूद रहे। संचालन मोहम्मद रिजवान भारतीय ने किया। ग्राम प्रधान राजू सिंह, भूप सिंह सैनी, नोनीराम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

- पशु धन प्रसार अधिकारी ने गो पूजन कराया

## एक नजर

### विदाई समारोह में भावुक हो गए रेलकर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे के सेवानिवृत सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुनील कुमार शर्मा के विदाई समारोह में कर्मचारी और अन्य कर्मचारी परिवार के सदस्य भावुक हो गए। मनोरंजन सदन में कर्मचारियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर शर्मा के विभाग में योगदान और उनके व्यवहार की चर्चा हुई। नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा कि कर्मचारी अपने योगदान को लेकर हमेशा सेवा में रहता है। सुनील शर्मा को संगठन में जिम्मेदारी दी गयी। वहां भी कुशल प्रबंधन का परिचय देकर संगठन का कार्य किया। कर्मचारी नेता अशोक शुक्ल, आईवन एडिशन, सुहेल खालिद, मनोज शर्मा ने सेवा निवृत एसएसई के व्यवहार की सराहना की।

### पत्रकार वार्ता आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को दोपहर 12 :00 बजे सिविल लाइंस स्थित राजन एनक्लेव में पत्रकार वार्ता आयोजित है। जिसमें कथावाचक रमेश भाई ओझा आदि मौजूद रहेंगे।

## लाइनपार-कपूर कंपनी क्षेत्र की 10 दुकानें हटेंगी, चिह्नित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ रेलवे की सिविल इंजीनियरिंग निर्माण की टीम ने किया सर्वे

**अमृत विचार:** रेलवे लाइन पर प्रस्तावित कपूर कंपनी पुल के निर्माण में 10 दुकानें हटाई जाएंगी। लाइनपार और कपूर कंपनी रोड क्षेत्र की दुकानों का चिह्नांकन कर लिया गया है। इसके लिए रेलवे की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की टीम दुकानदारों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। पुल निर्माण के लिए भूमि सर्वे के दौरान शनिवार को इस बात का ऐलान रेलवे की टीम ने कर दिया।

16 फरवरी को पुल के खंभे, गर्डर, स्लैब आदि कार्य का ऐलान होगा। इसी रोज विभाग टेंडर जारी करेगा और निर्माण एजेंसी का ऐलान होगा। अभी डिजाइन और अन्य विभागीय कार्य की जिम्मेदारी तय कर दी गयी है। पुल का निर्माण दो एजेंसियों के जिम्मे होगा। बाकी कार्य रेलवे की टीम करेगी। इंजीनियर विभाग दो दिनों से रेल पटरी की लंबाई-चौड़ाई की नाप-जोख कर रही है। रेलवे ने निर्णय लिया है कि मौजूदा पुल से छह मीटर दूर दिल्ली दिशा में दूसरा निर्माण होगा। इसलिए विभागीय टीम लगातार हर कार्य का सर्वे कर रही है। मिट्टी की जांच हो चुकी है। रेलवे ट्रैक और फिजिबिलिटी जांच की जा रही है।

रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर निर्माण डीके गुप्ता और सिविल इंजीनियर कार्य बलजीत सिंह ने टीम संग प्रस्तावित पुल का नक्शा देखा। बलजीत सिंह ने बताया कि लाइनपार क्षेत्र की चार से पांच दुकानें हटाईं जाएंगी। इसी तरह कपूर कंपनी क्षेत्र में काआपरेटिव बैंक दिशा की बायीं ओर की भी चार-पांच दुकानें हटाईं जाएगी। जल्द ही यह कार्रवाई को पूरी की जाएगी। उसके बाद निर्माण एजेंसी अपना काम शुरू करेगी। अगस्त तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### केंद्र सरकार के अंतरिम बजट के बाद राज्य सरकार के बजट पर टिकी युवा, महिलाओं और व्यापारियों की उम्मीद

## बोले, सरकार दे नौकरी, आर्थिक सुरक्षा और सस्ता सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद, अमृत विचार : केंद्रीय बजट के बाद अब राज्य सरकार के बजट पर सबकी नजर और उम्मीद टिकी है। छह फरवरी को सरकार अपना पिटारा खोलेगी। अभी दो दिनों से विधानसभा और विधान परिषद में कार्रवाई जारी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की पोटली किसान, युवा, नौजवान, महिला, व्यापारी, छात्र और बेरोजगारों को क्या मिल सकता है? इस बात को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। अमृत विचार ने शनिवार को समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों से बजट से उनकी उम्मीद को लेकर राय जानी।

**बजट से आस**



कानून व्यवस्था, विकास और आस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार के कार्य की चर्चा देश भर में हो रही है। यूपी नई पहचान के रूप में उभरा है लेकिन, नौकरी के अवसर कम हैं। सरकार ऐसे लोगों और खासतौर से निजी क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करे। कुशल श्रमिकों को रोजगार के अवसर के लिए पर्याप्त धन का इंतजाम सरकार को करना चाहिए।

**-सुनील दीक्षित**, युवा प्रोफेशनल (जीरो प्वाइंट)



अधिवक्ता समाज की कई तरह की चुनौतियों से जूझता है। सामाजिक दायित्व को लेकर भी हमारा समाज आगे रहता है। ऐसा इसलिए कि अधिवक्ता कोर्ट-कचहरी के साथ साथ समाज के हर स्थिति को आसानी से समझता है। सरकार को अधिवक्ता सामाजिक योगदान को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सुरक्षा के लिए वित्तीय प्रबंध करना चाहिए।

**-अभिषेक भटनागर**, अधिवक्ता (सिविल कोर्ट)



शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही राज्य सरकार से रोजगार की उम्मीद है। विभागों के आंकड़ों में कुशल श्रमिकों के लिए काम के अवसर सरकार गिना रही है। लेकिन युवा, शिक्षित बेरोजगार नौकरी की उम्मीद लेकर बैठे हैं। प्रदेश में काम की तलाश करने वालों की संख्या अधिक है। नौकरी को लेकर सरकार से हमारी मांग पुरानी है।

**-जसप्रीत कौर**, छात्रा (विकास नगर)



महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है घर चलाना। शहर से देहात तक आधी आबादी की मांग है कि महंगाई पर सरकार नियंत्रण लगाए और बेसहारा और कमजोर महिलाओं को आर्थिक मदद की योजना शुरू करे। अब तक पेंशन योजनाएं कम है। सरकार को चाहिए कि महिलाओं की मदद वाली योजनाओं की सघन निगरानी करे।

**-उमा शर्मा**, गृहिणी (लाइनपार)



आबादी के आधार पर कार्य के अवसर मिलना चाहिए। प्रदेश से भारी संख्या में युवा, बेरोजगार काम की तलाश में प्रदेश से बाहर जा रहे हैं। सरकार बजट में अगर इस बात की चिंता करेगी तो एक बड़े वर्ग को राहत मिलेगी। पढ़ लिखकर खाली बैठना किसी को अच्छा नहीं लगता है। नौकरी और रोजगार नहीं मिलने की दशा में युवा भटक रहे हैं।

**-मेराज पाशा**, युवा (गांगनवाली मैनाठेर)

# कई मोहल्लों में 8 घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

### देरात हुआ फाल्ट अगले दिन कराया सही, लोगों के सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंचे बिजली कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ओवर लोडिंग से बिजली विभाग के उपकरणों में फाल्ट होने लगे हैं। कहीं ट्रांसफार्मर तो कहीं तारों के आपस में टकराने से फाल्ट होने पर घंटों बिजली कटौती का दंश महानगर के लोगों को झेलना पड़ रहा है। गलशहीद मोहल्ले में ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के बाद सूचना देने पर भी जेई और एसडीओ ने फोन नहीं उठाया। जिससे वहां रहने वाले लोगों को कई घंटे बिजली कटौती से जूझना पड़ा। दीवान का बाजार, डेहरिया व न्यारियो मोहल्ले में तारों में फाल्ट होने की सूचना देने के घंटों बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे।

शनिवार को रात दो बजे गलशहीद विद्युत केंद्र के बाहर लगे ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। विद्युत उपकेंद्र से चंद कदमों की दूरी पर रखे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने में कर्मचारियों को 8 घंटे लग गए। सुबह उठने पर लोगों ने एसडीओ धर्मेन्द्र सिंह यादव और जेई को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। गलशहीद पुलिस चौकी के पास रहने शहादत अली ने बताया कि सुबह 10 बजे फोन कर जेई को रात से बिजली न आने की सूचना दी। जिसके दो घंटे बाद बिजली सुचारू हो सकी। इस ट्रांसफार्मर से जुड़े 450 उपभोक्ताओं की बिजली सुबह 12 बजे तक गुल रही। वहीं सुबह 7 बजे दीवान का बाजार के डेहरिया मोड पर लगे ज्वाइंट में बंदरों के तार हिलाने से फाल्ट हो गया। जिससे तीनों मोहल्लों दीवान का बाजार, डेहरिया और न्यारियों में रहने वाले पांच हजार लोगों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिस पर लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन किए। लेकिन दस बजे से पहले किसी ने फोन नहीं उठाया। जिससे तीनों मोहल्लों की आपूर्ति दोपहर 12 बजे तक बाधित रही।

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दो स्थानों पर फाल्ट हुए जिसमें एक देरात व दूसरा फाल्ट सुबह हुआ था। लोगों ने फोन न उठाने की शिकायत हमसे भी की है। इसके बारे में जेई व एसडीओ से स्पष्टीकरण मांगा है। दोनों मोहल्ले की बिजली व्यवस्था 12 बजे सुचारू करा दी गई थी।



बुध बाजार में रखे बिजली के तार। ● अमृत विचार

## 20 दिन से बंद है स्मार्ट सिटी का कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ कार्यदायी संस्था के पास नहीं हैं मजदूर

**अमृत विचार:** बिजली विभाग का भूमिगत केबल बिछाने का कार्य अब लंबित हो गया है। भूमिगत केबल बिछाने वाली कार्यदायी संस्था के पास श्रमिक ही नहीं है। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एक सप्ताह से श्रमिकों की व्यवस्था करने की बात कहकर बिजली विभाग के अधिकारियों को झांसा दे रहे हैं। उधर, अक्टूबर में पूरा होने वाला काम जनवरी तक न हो पाने से प्रशासन संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगेगा।

स्मार्ट सिटी बनाने में बिजली विभाग की अहम भूमिका है। बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट सिटी के चिह्नित क्षेत्र में भूमिगत केबल कार्य रिलायंस इलेक्ट्रॉनिक कंपनी को दिया था। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के पास काम करने लिए मजदूर ही नहीं हैं। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र पांडे के कई बार समय पर कार्य पूरा करने के दावे खारिज हो चुके हैं। जबकि कंपनी और बिजली विभाग के बीच हुए अनुबंध में अक्टूबर 2023 में कार्य पूरा करना तय हुआ था। लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही से नवंबर में भी कार्य पूरा नहीं हुआ। जिस पर तत्कालीन नगर आयुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संस्था का अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद प्रोजेक्ट मैनेजर ने दिसंबर में कार्य पूरा करने की मोहलत मांगी थी। मगर जनवरी में भी कार्य पूरा नहीं हुआ। अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी सुधाकर कुमार ने संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये गए नोटिस में तीन दिन के अंदर कार्य पूरा करने की चेतावनी दी है। वहीं, कार्यदायी संस्था के बिजली के सामान व अन्य सामग्री के साथ उपकरणों से महानगर के मुख्य बाजार में कई स्थानों पर व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं तो बिजली का सामान दुकानों के सामने रखा है। जिससे दुकानदारों के साथ आने जाने वालों की भी दिक्कत होतीहै।

### जाड्र्स केंद्र पर चंपावत ग्राम सखियों का प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मनोहरपुर के एग्री क्लीनिक एग्री बिनेस सेंटर (जार्डस) पर चंपावत किसान उत्पादक कंपनी के संचालक मंडल और ग्राम सखियों के प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य कंपनी के संचालक मंडल की दक्षता को बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण में कंपनी संचालक विकास ने यह जानकारी दी कि एफपीसी कैसे काम करती है। उन्होंने बोर्ड सदस्यों की भूमिका, निर्णय लेने की प्रक्रिया व कृषि उपज के लिए बाजार विकसित करने की जानकारी दी। कहा, एफपीसी उत्पादों के लिए प्रभावी विपणन रणनीतियों को लागू करना, कृषि-प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन और प्रसंस्करण समझना है। मनोहरपुर केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक मेंदीरत्ता ने टीग्रेटेड फार्म्स सिस्टम में कृषि के साथ-साथ अन्य विधाओं जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, बत्तख पालन की जानकारी दी। महिला स्वयं समूह की अध्यक्ष राधा ने रागी, बाजरा के बिस्कुट बनाने के विषय की चर्चा की। नोडल अधिकारी ने प्रतिभागियों और प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




ताइक्वांडो खिलाड़ियों के साथ जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार व अन्य।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों को क्रीड़ा अधिकारी ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को जनपद के सात ताइक्वांडो खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इसमें 67वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता व राष्ट्रीय स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार व जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव शाहवेज अली ने सम्मानित किया।

इसमें आशीष सिंह को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। रोहित कुमार को रजत, लवकुश यादव, रायन, स्नेहा, स्वास्तिक, आदित्य को कांस्य पदक पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी। सभी विजेता खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आसिफ सिद्दीकी, अंकित, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।



यूं तो शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए हर चौराहे पर ट्रैफिक लाइट व कैमरे लगाए गए हैं। फिर भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे। शनिवार की दोपहर सिविल लाइन क्षेत्र में एक स्कूटी पर चार युवक सवार होकर कुछ इस तरह जाते हुए नजर आए। ● अमृत विचार

### आरआरसी सेंटर में मिली खामियां, नोटिस जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग की ओर से जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में रिसोर्सिंग रिकवरी सेंटर (आरआरसी) बनने थे। लेकिन अब तक आधे भी नहीं बन पाए हैं। जो बन चुके हैं उनमें भी सत्यापन में कमियां पाई गईं हैं। जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रधान और सचिव को कार्य गुणवत्ता में कमी को लेकर नोटिस दिया है। जिले में 2023-24 को लेकर सभी 643 ग्राम पंचायतों में रिसोर्सिंग रिकवरी सेंटर का निर्माण किया जाना था। जिसके सापेक्ष जिले में मात्र 165 आरआरसी ही बने हैं। पंचायत राज विभाग द्वारा बनवाए आरआरसी का सत्यापन कराया गया। जिसमें 50 से अधिक में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई गई। ऐसी सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा की ओर से नोटिस जारी किये गए हैं।

## समय पर इलाज से ठीक होता है कुष्ठ रोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ रोग पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

विकसित भारत अभियान में, कुष्ठ से भारत को मुक्त कराएं। भेदभाव का अंत करें, सम्मान से गले लगाएं। इस थीम पर जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है। उन्होंने बताया कि एक या एक से अधिक लाल, गाढ़े रंग का दाग या धब्बा जिसमें सुन्नपन हो तो व्यक्ति को कुष्ठ रोग हो सकता है। ऐसा कोई भी लक्षण दिखने पर कुष्ठ की जांच कराएं। मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से कुष्ठ रोग का उपचार पूर्णतः संभव है जो सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त उपलब्ध है। समय पर जांच एवं उपचार कराने से यह रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है।

इस अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें इरम जहां चतुर्थ सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, करुणा चौधरी चतुर्थ सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान व स्नेहा गुप्ता चतुर्थ सेमेस्टर व निक्की बीएड प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. छाया रानी व अनीता पासवान के साथ प्रोफेसर अर्चना राठौर, प्रोफेसर मनी बंसल, प्रोफेसर संतोष सिंह व दोनों इकाइयों की सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।



पोस्टर दिखाती छात्रा साथ में जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल।

### उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने विपिन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार मंडल संगठन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष महानगर विपिन गुप्ता को बनाया गया है। इनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल के निर्देश पर किया गया है।

शनिवार को प्रदेश महामंत्री, पूर्व राज्य मंत्री व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश शुक्ला द्वारा भेजे गए पत्र में उद्योग व्यापार मंडल संगठन के पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा नेता विपिन गुप्ता को उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उद्योग व्यापार मंडल का वरिष्ठ उपाध्यक्ष महानगर मनोनीत किया है। इस पर उनके अमरोहा गेट स्थित प्रतिष्ठान पर व्यापारियों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

**अभियान** बुधबाजार में अतिक्रमण के दायरे में आए निर्माण को ढहाया

# अतिक्रमण पर चली जेसीबी, ध्वस्त किया निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ लोगों को बचकर आने जाने की दी सलाह

**अमृत विचार:** शनिवार को बुध बाजार और इम्पीरियल तिराहे तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चला। नगर निगम की टीम ने जेसीबी से प्रेम चुनरिया होटल के अतिक्रमण के दायरे में आए निर्माण को तोड़ा। वहां पड़े मलबे को जेसीबी से हटाया। इस दौरान लोगों को आने जाने में सावधानी बरतने की सलाह टीम के सदस्यों ने दी।

बुध बाजार में क्षेत्र में 127 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना और पुराने बाजारों के सौंदर्यीकरण कार्य में बाधक बन रहे अतिक्रमण को नगर निगम व स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से हटवाया जा रहा है। शनिवार को भी जेसीबी व क्रेन से बुध बाजार में अतिक्रमण के दायरे में आए भवन के शेष हिस्से को तोड़कर मलबा हटाया गया। यहां से आने जाने वालों को कर्मियों ने किनारे से होकर गुजरने की सलाह दी। नगर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्यों ने लोगों को सड़क पर किए गए बैरिकेड के अंदर न आने के लिए कहा। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से यातायात में अड़चन आती है। इसको देखते हुए निगम प्रशासन जनहित में काम कर रहा है। उन्होंने व्यापारियों और आमजन से अपील है कि सार्वजनिक स्थानों व सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।



बुध बाजार में मलबे को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### आसिफ हुसैन अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मंत्री चुने गए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन के मंडलीय शाखा का चुनाव शनिवार को हुआ। द्विवार्षिक अधिवेशन में यह निर्वाचन हैविट मुस्लिम स्कूल में चुनाव अधिकारी श्रीकांत यादव की देखरेख में हुआ।

चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो आवेदन आए थे। 193 मत पाकर सैयद आसिफ हुसैन विजयी रहे। जबकि 104 मत पाकर नवीन कुमार भटनागर चुनाव हार गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दीपक शर्मा निर्विरोध चुने गए। मंत्री पद पर 152 मत पाकर धर्मेंद्र सिंह जीते, जबकि पन्नालाल 141 मत पाकर करीबी मुकाबले में पराजित हो गए। ऑडिटर पद पर अभिषेक कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर नजाकत अली निर्विरोध विजयी रहे।




महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## छात्रों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में वर्ल्ड वेटलैंड डे पर शनिवार को गोष्ठी हुई। इसमें छात्रों को जल संरक्षण, नदियों व तालाबों के संरक्षण के बारे में बताया।

इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश चंद्र श्रीमाली ने कहा कि वर्तमान में तालाबों का अस्तित्व समाप्त हो रहा है और नदियां सिकुड़ती जा रही है। उनमें जितना जल है वह भी प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में युवा पीढ़ी को प्रयास करने होंगे। जिससे कि जल को सुरक्षित किया जा सके।

इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने कहा कि छात्रों के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाकर जल संरक्षण के बारे में लोगों को प्रेरित किया जाएगा। यदि हमने अभी जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी का जीवन खतरे में जाएगा। धर्मेंद्र वंश और ग्रंथ सिंह ने भी जल संरक्षण के बारे में विचार व्यक्त किया और छात्रों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। संचालन फील्ड ऑफिसर लव कुमार ने किया। इस दौरान खुशीराम, संजय कुमार, जगपाल सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, मोनिका शर्मा, महेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अतुल दुबे, विशाल चौधरी का विशेष योगदान रहा।

**एक नजर**

### इ्यूटी के दौरान विद्युत कर्मी की हार्ट अटैक से मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** मेरठ में बिजली घर पर तैनात टीजीटू की शुक्रवार की रात ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसे परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम पतेई खादर निवासी चेतराम जनपद मेरठ के परतापुर बिजली घर पर टीजीटू के पद पर कार्यरत थे। वह शुक्रवार की रात ड्यूटी पर गए थे। परिजनों के अनुसार ड्यूटी के दौरान अचानक हार्ट अटैक से चेतराम की मौत हो गई। स्टाफ ने चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी, तीन बेटियों व पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है।

### धूप खिलने से मिली राहत शाम को हवा से बढ़ी ठंड

**हसनपुर, अमृत विचार :** लगातार दूसरे दिन धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। वहीं तेज हवा ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। सूरज ढलने के बाद लोग सर्दी के कारण घरों में कैद हो गए। शनिवार को सुबह से ही सूर्य देव निकलने से ठंड से कुछ राहत मिली। लेकिन तेज गति से हवा चलने के कारण ठंड का अहसास भी हुआ। धूप खिलने के कारण बाजारों में भीड़भाड़ दिखाई दी। सूर्य देव के छिपने के बाद लोग सर्दी के कारण घरों में कैद हो गए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में निपटीं तीन शिकायत

## संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए 25 शिकायतों का निस्तारित करने के निर्देश

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम एवं तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान 28 शिकायतें दर्ज हुईं। तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 25 शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को ब्लॉक कार्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायत एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी एवं तहसीलदार सुंदीप कुमार ने सुनी। इसमें राजस्व विभाग की 11, विद्युत विभाग की पांच, पुलिस विभाग की दो, विकास विभाग की एक, पूर्ति विभाग की आठ एवं अन्य विभागों की एक शिकायत दर्ज हुई। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



हसनपुर में लोगों की शिकायत सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

### जन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार को अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह चाहल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारी व कर्मचारियों से शिकायतों का गुणात्मक निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 18 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से तीन का एडीएम ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। एडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आइजीआरएस पोर्टल पर कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। कुछ अधिकारी अधीनस्थों पर इन शिकायतों के निस्तारण का जिम्मा छोड़ देते हैं। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान बिजली विभाग की दो, राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग की दो, चिकित्सा विभाग की दो, नगर पालिका गजरौला की एक व चकबंदी विभाग की एक शिकायत मिली। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उपजिलाधिकारी चंद्रकांता, क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण ने दर्ज कराई गांव में गंदगी की शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में गांव में फैली गंदगी की शिकायत करते हुए सफाई करने की मांग की। तहसील क्षेत्र के ग्राम रूपानांगल के ग्रामीण संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में फैली गंदगी एवं तालाब पर पड़े कूड़े के ढेरों को हटवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में फैली गंदगी के कारण बीमारी का डर बना रहता है। आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी ग्राम प्रधान ने सफाई नहीं कराई। कुछ ग्रामीणों ने तालाब के चारों तरफ कूड़ी डालकर कब्जा किया हुआ है। प्रार्थना पत्र पर अमर सिंह, दिनेश कुमार, नरेंद्र कुमार, धर्मपाल सिंह, रामपाल सिंह, डालचंद, सर्वेश, नेपाल, अजय पाल, देवराज, रामचंद्र आदि के हस्ताक्षर थे।

### समाधान दिवस में आईं 18 शिकायत, तीन का हुआ निस्तारण

**अमरोहा, अमृत विचार :** सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी माया शंकर यादव की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें फरियादियों ने शिकायती पत्र दिये। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिये। शनिवार को समाधान दिवस में लोगों ने अपर जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और उनका समाधान करने की मांग की हैं। अपर जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी शिकायत एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित हो जानी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। तहसीलदार हेमन्त कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में 18 शिकायत आई। इनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, तहसीलदार हेमन्त कुमार गुप्ता समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि को श्रीराम मंदिर का चित्र देते कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रुकमणी ने सरकार इलेवन को एक रन से दी मात

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान में आयोजित धनौरा महोत्सव क्रिकेट कप के सातवें दिन शनिवार को मुख्य अतिथि ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कमेटी के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर व श्रीराम मंदिर का चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने टॉस उछाला। रुकमणी मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली के खिलाफ 95 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। इसके बाद सरकार इलेवन दिल्ली ने भी बल्लेबाजी करते हुए 95 रन बनाये। इस पर मैच बराबरी पर हो गया। इसके बाद सुपर ओवर खेला गया। इसमें सरकार इलेवन दिल्ली ने सात रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुकमणी मुरादाबाद की टीम ने सुपर ओवर मे आठ रन बनाकर एक रन से मैच जीत लिया।

रुक्मणि मुरादाबाद की ओर से मिर्जा को तीन विकेट लेने पर मुख्य अतिथि ने मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि धनौरा महोत्सव खेल व भाईचारे का मेला है। धनौरा महोत्सव ने शहर को देशभर में पहचान दी है। इस मौके पर डॉ. आदित्य चौहान, सतवीर यादव, गीतेश अग्रवाल, नरेन्द्र कटारिया, प्रशांक त्यागी, शिवराज सिंह, लक्की चौधरी, विकास शर्मा मौजूद रहे।

# छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान करे सरकार

**संवाददाता, रहरा/मुबारिजपुर**

**अमृत विचार :** ब्लॉक गंगेश्वरी के कस्बा ढबारसी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि मोदी के राज में लोकतंत्र प्रजातंत्र और संविधान खतरें मे है। छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष यादव और संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. अहमद मुर्तजा ने किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार का मुख्य कारण मोदी सरकार है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण ही देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारी में लग जाएं। हमें मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा में भेजने का कार्य करना होगा। कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से कांग्रेस ही छुटकारा दिला सकती है। यह लड़ाई देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने की है। पूर्व प्रदेश सचिव चौधरी शमीम अयूब, डॉ. अहमद मुर्तजा, हाजी शकील आदि मौजूद रहे।



बैठक में बोलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ● अमृत विचार

### छुट्टा गोवंशीय पशुओं से किसान परेशान

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गोवंशीय पशु किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहे है। यह फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। फसलों की रखवाली करने वाले किसानों पर छुट्टा पशु हमला कर रहे हैं। इससे किसान घायल हो रहे हैं। कई किसान अपनी जान भी गवां चुके हैं, लेकिन अधिकारी कुछ नहीं कर रहे हैं। गंगेश्वरी क्षेत्र में हजारों किसान छुट्टा गोवंश से अपनी फसलें बचाने के लिए रातों को पहरेदारी कर रहे हैं। फिर भी फसल को नहीं बचा पा रहे। इन पशुओं में सबसे ज्यादा संख्या सांड और बछड़ों की है। किसान रामसिंह, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह का कहना है कि छुट्टा पशुओं की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन-रात पहरेदारी करके भी फसल नहीं बचा पा रहे हैं। उन्होंने छुट्टा पशुओं से राहत दिलाने और इन्हें गोशाला भिजवाने की मांग की है।

### युवती को ले जाने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार :** युवती को बहला फुसलाकर साढ़े तीन लाख रुपये की नगदी के साथ ले जाने तथा मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी निवासी युवती को 29 जनवरी की रात पड़ोसी युवक बहला फुसलाकर ले गया। युवती के भाई के मुताबिक परिवार के लोगों ने युवती को तमाम स्थानों पर तलाश किया। लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया। जब परिवार के लोग आरोपी युवक के घर शिकायत करने गए तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। भाई ने बताया कि युवती साढ़े तीन लाख रुपये व सोने-चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई है। थानाध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनस पुत्र रमजानी अब्बासी, रमजानी अब्बासी व असलम अब्बासी पुत्र हाजी गम्मन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# शहर में फिर शुरू हुए अवैध टैक्सी स्टैंड

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** शहर के चौपला पर अवैध रूप से बने चार टैक्सी स्टैंडों का संचालन एक बार फिर शुरू हो गया है। बीते दिनों टैक्सी स्टैंड बंद रहे। खास बात यह है कि चौपला व यातायात पुलिस चौकी भी पास में ही है। बावजूद इसके डग्गामार वाहनों का संचालन नहीं रुक पा रहा है।

परिवहन और पुलिस विभाग की मिलीभगत से नगर में डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। परिवहन विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। यात्रियों की जान भी जोखिम में है। जिम्मेदार अधिकारी खामोशी साधे हैं। नगर से मुरादाबाद, चांदपुर, संभल समेत कई स्थानों के लिए डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। खास बात यह है कि यह वाहन चौपला चौकी व यातायात पुलिस चौकी के पास से चलते हैं। चालक मानक से अधिक यात्रियों को बेतरतीब ढंग से वाहन में बैठाते हैं। जगह नहीं मिलने पर यात्रियों को पीछे खड़ा कर दिया जाता है। वाहन के पीछे लटक कर यात्रियों को जोखिम भर सफर तय करना पड़ता है। कई बार यात्री चलते वाहन से गिर भी चुके हैं। लेकिन डग्गामार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर जल्द ही अवैध स्टैंड बंद कर दिए जाएंगे।



अवैध टैक्सी स्टैंड पर खड़े डग्गामार। ● अमृत विचार

### कई बार हो चुके हैं हादसे

कई बार डग्गामार वाहन हादसे का कारण भी बन चुके हैं। लोगों की जान तक जा चुकी है। बावजूद इसके इनका संचालन धड़ल्ले से जारी है। पुलिस भी इन वाहनों के संचालन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### फोटो फ्रेमिंग दुकान में आग से लाखों का सामान जला

**गजरौला, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में फोटो फ्रेमिंग की दुकान में आग लग गई। इसमें करीब चार लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर निवासी सुनील आर्य की रमाबाई आंबेडकर डिग्री कालेज के सामने फोटो फ्रेमिंग की दुकान है। सुनील 31 जनवरी की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी दुकान में आग लग गई। शनिवार तड़के करीब चार बजे सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने बमुश्किल शटर खोलते हुए आग पर काबू पाया। सुनील ने करीब चार लाख रुपये के नुकसान की बात कही। उन्होंने अज्ञात लोगों पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।



उर्स में मौजूद कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# उर्स में कव्वाली मुकाबला और दंगल का आयोजन

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कस्बा ढक्का में हजरत बाबा पीर बंदगी शाह पीर फरीदी की मजार पर 531वां उर्स चल रहा है। इसमें दिन में दंगल और रात को कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया।

शुक्रवार की शाम मुकाबला कव्वाली का आयोजन किया गया। इसमें कव्वाल खलील साबरी और मीना वारसी ने कलाम पेश किए। कव्वालियों का आरंभ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. इरफान अहमद व मोहम्मद आसिफ ने संयुक्त रूप से किया। दंगल में पहलवानों ने दाव-पेंच आजमाए। इस मौके पर अब्दुल कादिर, चौधरी मुर्तुजा, मोहम्मद आलिम, कमेटी सदर चौधरी शोएब, नायाब सदर चौधरी नईम नेता, चौधरी शादाब, मोहम्मद फरमान आदि मौजूद रहे।

# गन्ना लदे ओवरलोड वाहन बन रहे खतरा, हादसों का अंदेशा

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** बाईपास मार्ग पर गन्ना लदे ओवरलोड वाहन लोगों के लिए खतरा बने हैं। लेकिन प्रशासन खामोश है। इसके कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इन दिनों सड़कों पर गन्ना लदे ओवरलोड वाहन यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। इससे न सिर्फ हादसों का अंदेशा है, बल्कि जगह-जगह जाम का कारण भी बन रहे हैं। राहगीरों के लिए खतरा बने यह वाहन सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। न कहीं इनकी चेकिंग है और न ही कोई रोक टोक। मिल प्रबंधन और प्रशासन इससे अंजान है। राहगीरों का कहना है कि गन्ना लदे इन ओवरलोड वाहनों से हर समय हादसों का अंदेशा बना रहता है।

नगर के सबसे व्यस्त अमरोहा चौराहा से हर आधे घंटे में ओवरलोड वाहन गुजरता है। ट्रकों में क्षमता से कई गुन्ना गन्ना लदा होता है। बेहद खतरनाक मोड़ से यह ट्रक चौराहे पर पहुंचते हैं। इन्हें देख लोगों की सांसें थम जाती हैं। दो-तीन मिनट में यह ट्रक चौराहे से मुड़ पाते हैं। चालक की जरा सी चूक से हादसा निश्चित है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। गन्ने से लदे ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कराई जाएगी।



नगर से गुजरता गन्ना लदा ट्रक। ● अमृत विचार

### सुबह निकली धूप, दोपहर बाद छाए बादलों से बने बारिश के आसार

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज एक बार फिर किसानों को डराने लगे हैं। शनिवार को दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। इसके चलते गंगेश्वरी व दढ़ियाल क्षेत्र में सूरज के दर्शन नहीं हुए। दिन में हल्की बूंदाबादी और धूप निकली। दोपहर के बाद आसमान में बादल छा गए। शाम ढलते ही अंधेरा छाया गया। पता ही नहीं चला कि सूर्यास्त कब हो गया। दोपहर दो बजे के आसपास बूंदाबांदी के आसार बने रहे। मौसम में आए इस बदलाव के कारण सड़कों और बाजारों में शाम से पहले ही भीड़ कम हो गई। ठंड से बचने और बारिश के आसार देखकर लोग घरों में घुस गए।

### बिजली के खंभे पर लटके तारों में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजली के खंभे पर लटके तारों में अचानक आग लग गई। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

शहर में चौपला पुलिस चौकी के पास शनिवार की सुबह बिजली के तारों में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आपूर्ति बंद कराते हुए बमुश्किल आग पर काबू पाया। इससे करीब दो घंटे तक इलाके की आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आए दिन बिजली लाइन में फाल्ट के बाद आग लगने की घटनाएं हो रही है। बड़े हादसे का खतरा है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान की सुध नहीं ले रहे हैं। जेई अजय कुमार ने बताया कि फाल्ट ठीक कर आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।

**खेतीबाड़ी** गन्ने की खेती से किसानों का हो रहा मोहभंग, अब मेंथा अपना रहे किसान

# गन्ना और मेंथा की बुआई में जुटे किसान

**संवाददाता, मुबारिजपुर**

**अमृत विचार :** गन्ना और मेंथा की अगेती फसल की बुआई का समय चल रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह से मेंथा की रोपाई व गन्ना बुआई का काम शुरू हो गया। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फसल की समयानुसार बुआई जरूरी है। क्षेत्र के किसानों का अब गन्ने की खेती से मोहभंग होता जा रहा है। इसके स्थान पर अब वह कैश क्राप के रूप में मेंथा की फसल को अपनाने पर जोर दे रहे हैं।

जिले में गन्ना मिल बंद हो जाने के बाद किसानों ने कैश क्राप के विकल्प के रूप में मेंथा की खेती को अपनाया है। जिले के किसान अब मेंथा की फसल लगाने लगे हैं। गन्ने के मूल्य को लेकर किसान इससे मुंह मोड़ने लगे हैं। करीब एक बीघे में लगभग 10 से 18 हजार रुपये का मेंथा आयल निकल आता है। जबकि एक बीघे में करीब 11 हजार रुपये का गन्ना पैदा होता है। गन्ने की फसल में मेहनत भी ज्यादा करनी पड़ती है। इसी के चलते ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र में हजारों किसानों ने मेंथा की पौध लगा दी है। मेंथा की जड़ दो से ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल मिल रही है। 90 से 120 दिन में फसल तैयार हो जाती है। हालांकि कुछ किसान गन्ने की बुआई करने में भी जुटे हैं। यह शुगर मिल के निर्देशों का पालन करने में सहभागिता निभा रहे हैं।



गन्ने एवं मेंथा की बुआई में क्षेत्र के किसान जुटे हुए हैं। क्षेत्र के किसानों का गन्ने के मुकाबले मेंथा की फसल में ज्यादा लगाव है।

**– पप्पू खड़गवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष गंगेश्वरी**



मेंथा की फसल से किसानों को गन्ने की अपेक्षा ज्यादा फायदा मिलता है। समय के अनुसार ही फसल की बुआई करनी चाहिए। इससे किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा।

**– सतीश अग्रवाल, पूर्व प्रधान**



किसान फसलों में रासायनिक उर्वरकों की बजाए जैविक खाद का उपयोग करें। इससे भी भरपूर उत्पादन ले सकते हैं।

**– शिवकुमार खड़गवंशी, किसान**



किसान समझदारी से फसल की देखभाल करेगा तो अच्छा उत्पादन मिलेगा। इससे किसान को भरपूर फायदा मिलेगा।

**– राजीव गोयल, पूर्व प्रधान**



## एक नजर

### गुन्नौर में 73 लोग शिकायत लेकर पहुंचे

**गुन्नौर अमृत विचार** : तहसील सभागार में एसडीएम रमेश बाबू की अध्यक्षता में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में 73 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से महज तीन समस्याओं का समाधान हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 18, ग्राम्य विकास की 9, पूर्ति विभाग 6, चकबंदी और बिजली विभाग की दो- दो व एक अन्य शिकायत दर्ज हुई। राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का समाधान करा दिया गया। शेष 70 शिकायतें संबंधित विभागों को भेजीं।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव की दी जानकारी

**संभल/असमोली अमृत विचार** : असमोली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मदाला फत्तेहपुर में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेनर आकांक्षा त्यागी ने प्राकृतिक आपदाओं के बारे में विस्तार से बताया। बचाव के बारे में भी जानकारी दी। आपदा से बचाव के लिए प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# 60 शिकायतें दर्ज, केवल 3 का ही निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक 34 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित आईं, बाकी संबंधित विभागों को भेजीं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :संभल में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 60 शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारी मौके पर सिर्फ तीन शिकायतों का समाधान कर फरियादियों को न्याय दिला सके। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को सौंप दी गईं।

नई तहसील सभागार में एडीएम प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें एडीएम और एएसपी श्रीश चंद्र ने शिकायतें सुनीं।

शुरूआत से ही फरियादियों की संख्या अच्छी खासी रही। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 34, पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग की 3, खाद्य एवं रसद विभाग की एक, अन्य विभागों की 15 शिकायतें दर्ज हुईं।

मौके पर राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का समाधान हो सका। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को सौंपकर समाधान कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, बीडीओ प्रेमपाल सिंह आदि अधिकारी रहे।


संभल में जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने उठाई पेयजल की समस्या

**संभल अमृत विचार** : कांग्रेसियों ने पेयजल आपूर्ति और साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तौकीर अहमद के नतृत्व में कार्यकर्ताओं और लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन दिया। कहा कि मुहल्ला फतेहउल्ला सराय की करीब 2000 की आबादी है। नगर पालिका द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है लेकिन तीन महीने से आधे घरों में पानी नहीं पहुंच रहा। महिला वर्ग को ज्यादा परेशानी हो रही है क्योंकि दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इस दौरान अकील अहमद, मोहम्मद शान मियां, मोहम्मद जफीर आदि रहे।


अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते दिव्यांग। ● अमृत विचार

### संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिव्यांगों का प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार** : दिव्यांग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में दिव्यांगों ने नई तहसील कार्यालय पर संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रदर्शन किया। दिव्यांगों ने कंबल दिलाने और राशन कार्ड बनवाने की मांग उठाई।संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वंचित दिव्यांगों को कंबल वितरित कराए जाएं। राशन कार्ड न होने से पेंशन रुकी है। विधवा, वृद्धाओं की पेंशन भी रुकी चल रही है। इसलिए राशन कार्ड बनवाकर राहत दी जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आपूर्ति कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी। दिव्यांगों ने आवास दिलाने और पेंशन पांच हजार रुपये किए जाने की मांग भी की। प्रशासन की ओर से दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान नत्थू सिंह सैनी, संजय कश्यप, कमल जाटव, जाने आलम, वारिस अली, मरगूब, रंजीत सैनी, अंजार मंसूरी, अलाउद्दीन, अमर, रामवीर प्रजापति, जगन सिंह, यूसुफ, जाहिद, मुमताज, मियांजान, हेतराम सैनी, नासिर आदि रहे।


फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

# तहसील सभागार में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**▸▸ संपूर्ण समाधान दिवस में 64 में तीन का ही मौके पर निस्तारण**

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 64 शिकायतें आई, जिसमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पहुंचकर शिकायतें सुनीं। जिसमें राजस्व की 25, पुलिस की 12, विकास विभाग की 10, चकबंदी की चार, समाज कल्याण की तीन शिकायतों सहित अन्य विभागों की 10 शिकायतें आईं। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र ही निस्तारण करने निर्देश दिए है। शनिवार को कम फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस अवसर सीडीओ ज्ञान चंद्र, सीएसओ तरुन्नुम रजा, एसडीएम नीतू रानी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


स्कूल में मिस बीवीएम और मिस्टर बीवीएम को उपहार देते प्रबंधक हरीश गर्ग। ● अमृत विचार

# कक्षा 12 के छात्रों को दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**▸▸ बाल विद्या स्कूल में आयोजित हुआ विदाई समारोह**

**अमृत विचार** :बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के साथियों को विदाई दी। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

विदाई समारोह में प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने की शुभकामना दी। भविष्य के निर्माण के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधक हरीश चंद्र गर्ग ने छात्रों को निरंतर प्रगति व उत्थान के पथ पर अग्रसर रहते हुए माता, पिता, विद्यालय और देश की सेवा में पूर्ण निष्ठा व लगन से लगे रहने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान सत्र के हेड ब्वाय उत्सव मदान ने और हेड गर्ल रिमझिम टंडन ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और शिक्षिकाओं का अमूल्य शिक्षा प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। रिमझिम ने मिस बीवीएम और शौर्य गुप्ता ने मिस्टर बीवीएम का सम्मान प्राप्त किया। प्रबंधक ने कक्षा 12 के स्कूल कैबिनेट के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, रविकांत अग्रवाल, पल्लवी रस्तोगी, अंकिता गर्ग, राकेश अग्रवाल, परागदीप वैश्य, विशाल रूहेला आदि मौजूद रहे।

# अंडरपास को लेकर होगी आर पार की लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले 11वें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाते हुए आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। पांच फरवरी को भाकियू असली प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से भी मिलेगा।

तहसील क्षेत्र के गांव भटौला में शनिवार को भी किसान धरने पर बैठे। किसानों को संबोधित करते हुए भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि अंडरपास बनवाने की मांग क्षेत्र के लोगों की जायज मांग है।

क्षेत्र के किसान और बुजुर्ग कड़ी सर्दी एवं बरसात में भी धरने पर बैठे रहे लेकिन सरकार और यूपीडा के अधिकारी उदासीन बने हैं। अंडरपास निर्माण के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।


धरने को संबोधित करते किसान संजीव गांधी। ● अमृत विचार

**▸▸ भाकियू असली के बैनर तले किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी रहा**

**▸▸ पांच फरवरी को भाकियू असली का प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से भी मिलेगा**

पांच फरवरी को भाकियू असली का प्रतिनिधिमंडल अंडरपास की मांग को लेकर मुरादाबाद में मंडलायुक्त से वार्ता करेगा। जिसके बाद अगली रणनीति का ऐलान किया जाएगा। इस दौरान गुरुवचन सिंह, गणपत सिंह, रामकिशन, महीपाल, राहिद, सुरेश, मोहम्मद जैद, बालकिशन, भूरा, कृपाली, धर्मवीर, हरिद्वारी, गंगाशरण आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### कब्जा हटवाने को सड़कों पर उतरेंगे किसान संगठन

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार** : सरायतरीन में भारतीय किसान यूनियन हिंद व किसान सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रेस वार्ता में कहा कि जिलाधिकारी ने 15 दिन में जमीन से अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया था। एक माह बाद भी जमीन से कब्जा नहीं हटा है। अब किसान संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। भाकियू हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी साजिद अली ने बताया कि मुहल्ला अमान खेल निवासी मोहम्मद फरजान व मोहम्मद रिजवान की मुहल्ला उस्मा सराय में स्थित जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग करने पर जिलाधिकारी मनीष बंसल से जनवरी माह में 15 दिन का समय दिया था। लेकिन एक माह गुजरने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। मोहम्मद फरजान ने जमीन कब्जा मुक्त नहीं होने पर 21 फरवरी को परिवार सहित आत्मदाह करने की बात कही थी। किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अवनीत पवार ने कहा कि भू माफिया से जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए पांच संगठनों ने मिलकर किसान मजदूर मंच बनाया है। मंच के कार्यकर्ता जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सड़कों पर उतरेंगे।


सरायतरीन में पत्रकार वार्ता करते किसान संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


एडीएम व एएसपी के सामने अपनी बात रखती महिला। ● अमृत विचार

### गोलीकांड मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की

**संभल, अमृत विचार** :युवक को गोली मारने के मामले में नामजद आरोपियों के परिवारों की महिलाओं ने अपर पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। महिलाओं ने रिपोर्ट को झूठा करार दिया।कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय निवासी नीतू पत्नी चमन और पूजा पत्नी विनेश समेत वाल्मीकि परिवारों की महिलाओं ने नई तहसील पर एएसपी श्रीश चंद्र और एडीएम प्रदीप वर्मा से मिलकर अपनी मांग रखी। कहा कि 27 जनवरी को अजय ने उनके परिवार के पुरुषों के खिलाफ गोली मारने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जो निराधार एवं झूठी है। उस दिन उनके पतियों द्वारा अजय से किसी तरह की कहासुनी नहीं हुई है। पूर्व में अजय से कहासुनी हुई थी। उसी की रंजिश मानते हुए अजय ने झूठा व फर्जी मामला बनाया है। महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस दौरान मिथलेश, कमलेश, बीना, सोनी, रेनू, रीना, ममता, पूनम, शिवाली, सोनिया आदि रहीं।


संभल से भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ अयोध्या रवाना होते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बबराला से अयोध्या दर्शन को जाते भाजपाई। ● अमृत विचार

# अयोध्या रवाना हुए भाजपा के 5000 कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने के लिए जनपद संभल से 100 बसों में सवार होकर 5000 भाजपा कार्यकर्ता रवाना हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जय श्रीराम के जयकारे लगाए। जिससे माहौल भक्तिमय बन गया।

शुक्रवार को ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। भाजपा कार्यकर्ताओं के आईकार्ड जारी किए गए थे। इतना ही नहीं, शहर से लेकर देहात तक बसों की व्यवस्था को भी अंतिम रूप दिया गया। शनिवार को दिन निकलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने के लिए संभल, चंदौसी, बहजोई, बबराला, गुन्नौर आदि कस्बों के साथ ही तमाम गांवों में बसें भेजी गईं। सुबह आठ बजे से भाजपा कार्यकर्ता बसों में सवार होकर अयोध्या के सफर पर निकले। उत्साहित भाजपाइयों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बनाया।

भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, गगन वार्ष्णेय, सौरभ गुप्ता, ह्रदेश यादव, शोभित गुप्ता, राहुल शर्मा, गणेश शर्मा, संजीव शुक्ला, पप्पू सभासद, जयप्रकाश गुप्ता, सुशील शर्मा, संजीव सैनी, महावीर जाटव, अभिषेक, कुलदीप गुप्ता समेत तमाम भाजपाई अयोध्या के लिए रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने बताया कि जनपद संभल से 100 बसों में 5000 कार्यकर्ताओं को अयोध्या में श्रीराम के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

### बबराला से 100 भाजपाई हुए रवाना

**बबराला अमृत विचार** : अयोध्या में श्रीराम में दर्शन करने के लिए सौ भाजपाई भक्तों का जत्था दो बसों में सवार होकर रवाना हुआ। सुबह आठ बजे चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कार्यकर्ताओं को तिलक लगाया और मंगलमय यात्रा की कामना के साथ रवाना किया। इस दौरान दिनेश कौशल, अनिल कुमार, सुरेश गुप्ता, चंद्रकेश यादव, अतुल वार्ष्णेय, डॉ. मुकेश कुमार, श्याम बाबा, भुवनेश कुमार, आनंद कुमार आदि रहे।

# 79 बसों से रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को जनपद से बूथ स्तर पर कार्यकर्ता अयोध्या राम मंदिर के लिए 79 बसों से रवाना हुए । 203 बूथ स्थल से भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ता चार बसों से रवाना हुए हैं।

अयोध्या जाने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर लाल सैनी, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अमन कोली, देवेंद्र गुप्ता, मनोज कठेरिया, डॉ. विशाल चौहान, रतन वार्ष्णेय, आकाश शर्मा, राहुल शंकर, छत्रपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, तुषार वार्ष्णेय, पप्पू इंकबाल, मयंक वार्ष्णेय, पंकज मिश्रा, चिंटू शर्मा आदि शामिल रहे। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, चंद्रसेन दिवाकर, आकाश आहूजा, रोहित दिवाकर, क्रांति कुमार आदि रहे।


अयोध्या रवाना होने से पूर्व जयकारे लगाते भाजपाई। ● अमृत विचार


गुन्नौर में पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का जन्मदिन मनाते सपाई। ● अमृत विचार

### सपाइयों ने मनाया पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का जन्मदिन

**गुन्नौर, अमृत विचार** :सपा कार्यकर्ताओं ने बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का 45 वां जन्मदिन मनाया। केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। सपा नेता अमित यादव ने कहा कि हम आज के दिन को संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस बार यह संकल्प लेते हैं कि लोकसभा चुनाव में धर्मेंद्र यादव को जिताकर संसद भेजेंगे। जिससे दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और भाजपा प्रताड़ित अगड़ों सहित सभी जाति धर्म के लोगों की आवाज को बल मिल सके। इस दौरान विधानसभा प्रभारी प्रेमवीर यादव, लकी उस्मानी, शरद यादव, रमेश यादव, येनेन्द्र शर्मा, प्रमोद गुप्ता, मुजीब अहमद, शमीम अहमद, राकेश कुमार, भूप्रकाश, शशिकांत वार्ष्णेय, राजा यादव, केवी यादव आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल

संवाददाता, संभल/ सिंहपुरसानी

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर दो बाइकों में आमने सामने से हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर एक घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी भूरेलाल जाहरवीर बाबा का जागरण कराने के लिए संभल से सामान लेकर शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर निवासी जरीफ के साथ घर जा रहा था। भूरेलाल बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव जाने वाले लिंक मार्ग के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मूढो वाली मिलक निवासी पंकज की बाइक से टक्कर हो गई। जिससे तीनों बाइक सवार भूरेलाल, जरीफ व पंकज सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने घायल भूरेलाल, जरीफ व पंकज को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

### बंदर को बचाने के प्रयास में गिरी बाइक ग्रामीण घायल

**असमोली, अमृत विचार** : अमरोहा जिले के गांव जीहल निवासी अहरार शनिवार को बाइक से ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी अपनी बहन के घर जा रहा था। अहरार बाइक लेकर जैसे ही असमोली थाना क्षेत्र के गांव खासपुर के पास असमोली मढन मार्ग पर पहुंचा। अचानक से सड़क पर बंदर आ गया। बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। जिससे अहरार घायल हो गया।

**लापरवाही** वर्षों से बंद पड़ा राजकीय पशु चिकित्सालय

# पशुओं में फैल रहा खुरपका-मुंहपका रोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/ सौंधन

**अमृत विचार** :विकास खंड पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में पशुओं में खुरपका व मुंहपका रोग फैल रहा है। आधा दर्जन से अधिक पशु पालकों के पशुओं को रोग ने जकड़ लिया है। इनका इलाज झोलाछाप से कराया जा रहा है लेकिन पशु चिकित्सा विभाग गंभीर नहीं दिख रहा है। पशुपालकों ने पशुओं का टीकाकरण कराने की मांग की है। गांव सौंधन मोहम्मदपुर में बंटी के दो, नंदकिशोर के तीन, छोटे के दो, प्रेम सिंह के एक पशु को बीमारी ने जकड़ा हुआ है जबकि अन्य पशुपालक भी पशुओं में बीमारी फैलने को लेकर परेशान हैं। पशु पालक झोलाछाप से पशुओं का इलाज करा रहे हैं जो मुंह मांगी रकम वसूल रहे हैं। तेजी से फैल रही खुरपका - मुंहपका बीमारी को लेकर पशु पालक डरे हुए हैं। पशु पालकों ने पशु चिकित्सा विभाग से गांव में टीम भेजकर पशुओं का टीकाकरण कराने की मांग उठाई है। बताते चलें कि सौंधन मोहम्मदपुर में बना राजकीय पशु चिकित्सालय वर्षों से बंद पड़ा है। लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद चिकित्सालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने चिकित्सालय में चिकित्सक की तैनाती कराने की मांग भी की है।


" घर में दो भैंस सहित तीन पशु खुरपका मुंहपका की चपेट में हैं। विभाग की ओर से कोई टीकाकरण नहीं कराया गया है। मजबूरी में प्राइवेट डॉक्टर से इलाज चल रहा है।अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है।

**- छोटेलाल, सौंधन**


" गांव में पशुओं में खुरपका व मुंहपका की बीमारी फैल रही है। पशु चिकित्सा विभाग न टीकाकरण नहीं कराया है इसी वजह से बीमारी फैल रही है। मेरी दो भैंस खुरपका मुंहपका की चपेट में हैं। प्राइवेट चिकित्सक से इलाज करा रहे हैं।

**-बंटी, सौंधन**


" गांव में खुरपका मुंहपका बीमारी पैर पसार रही है। एक बैल दो भैंस बीमारी की चपेट में हैं। गांव में अन्य लोगों के पशु भी इस बीमारी की चपेट में हैं। अभी तक कोई टीकाकरण नहीं कराया गया है।

**-नंदकिशोर, सौंधन**

**▸▸ पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में झोलाछाप कर रहे पशुओं का इलाज**

### टाटा मैजिक और बाइक की टक्कर, तीन घायल

**बबराला, अमृत विचार** : आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटौआ के पास टाटा मैजिक और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक और दो किशोर घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां निवासी इब्ने हसन (18 वर्ष), जीशान (15 वर्ष) और उवैस (13 वर्ष) बाइक से रिश्तेदारी में गुन्नौर आ रहे थे। शनिवार को शाम करीब पांच बजे गांव इटौआ के पास टाटा मैजिक और बाइक में टक्कर हो गई। बाइक सड़क पर गिरने से बाइक सवार युवक और दो किशोर घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने इब्ने हसन और उवैस की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

## एक नजर

### आज छह घंटे ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा रविवार को स्टेशन रोड फीडर पर हाईटेंशन लाइन पर मरम्मत का कार्य किया जाएगा। उपखंड अधिकारी प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि रविवार सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक फीडर के आवास विकास कॉलोनी, संभल गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, डिस्पेंसरी रोड, बड़ा बाजार, साकेत कॉलोनी, लायंस कॉलोनी, मयूर विहार, मुंसिफ रोड, स्टेशन रोड, कालिंदी कुंज, शक्ति नगर, उदय देवता, घटलेश्वर गेट क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव मई निवासी महिला रेशमा शनिवार को अपने भूखंड की नींव भरवा रही थी। तभी कुछ लोग मौके पर पहुंचे और नींव भरवाने का विरोध करने लगा। साथ ही महिला के साथ गाली-गलौज की। महिला ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। शोर शराबा होने पर आरोपी फरार हो गए। महिला ने बताया कि उसने भूखंड कुछ वर्ष पहले खरीदा था। जिसकी नींव भरवा रही थी। महिला ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

### अवैध कब्जे का विरोध करने पर मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला मिया सराय निवासी नासिर ने बताया कि शनिवार की दोपहर एक बजे मुहल्ला के ही तीन लोग जमीन पर कब्जा कर रहे थे। मौके पर पहुंचे नासिर ने जमीन पर कब्जा करने का विरोध किया। आरोप है कि तीनों लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए नासिर को घायल कर दिया।

### बसपा सरकार में हर वर्ग को मिला सम्मान

**बबराला अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत गांव मीरामपुर में कैडर कैंप का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज संसार सिंह एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की चार बार की सरकार के दौरान प्रदेश में हर वर्ग को सम्मान मिला और बसपा की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिला। इस दौरान विजय सिंह सागर, धर्मपाल गौतम, सलाम अहमद, नेम सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

# खजूर के पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

## आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा, बिना बताए निकला था घर से

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र चन्दौसी-मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर गुमथल रेलवे स्टेशन व कुआ खेड़ा हाल्ट के बीच ट्रैक के किनारे खजूर के पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटका मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की आत्महत्या की पीछे आर्थिक तंगी होना बताया जा रहा है।



गांव गुमथल में संजीव उर्फ संजू दिवाकर ( 40 वर्ष ) अपने परिवार के साथ रहता है। खेती की कम भूमि होने के कारण संजीव मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। जबकि उसकी पत्नी वीरवाला पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत बच्चों को दवा पिलाती है। शुक्रवार की शाम चार बजे संजीव परिजनों को बिना बताए घर से चला गया। देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने इधर-उधर तलाश करना शुरू कर दिया। मगर उसकी जानकारी नहीं हो सकी। इसके बाद परिजनों ने युवक के ससुराल वालों को सूचना दी। शनिवार की सुबह ससुराल वाले भी आ गए। संजीव के साले और छोटे भाई मिथुन ने बाइक से खोजबीन शुरू की। दोपहर एक बजे गुमथल रेलवे स्टेशन के कर्मचारी ने किसी ग्रामीण को मोबाइल पर सूचना दी कि कोई युवक गुमथल रेलवे स्टेशन व कुआ खेड़ा हाल्ट के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे खजूर के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर परिजन व ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। शव संजीव का होने पर परिजन विलाप करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर थाना व जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने बताया कि संजीव कुछ दिन से आर्थिक तंगी से परेशान था। इसलिए शुक्रवार की शाम घर में किसी को बिना कुछ बताए निकल गया। परिजनों ने किसी से भी रंजिश होने से इनकार किया है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस, परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी की। परिजनों से किसी भी प्रकार की रंजिश होने से इंकार किया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के आर्थिक हालात सही नहीं थे।
>
> **-मोहित कुमार काजला,** थाना प्रभारी, बनियाठेर

### गायब होने की सूचना सोशल मीडिया पर पोस्ट की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुमथल निवासी संजीव उर्फ संजू दिवाकर शुक्रवार की शाम घर से चला गया था। देर शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों ने सोशल मीडिया पर फोटो सहित सूचना पोस्ट कर दी। मगर इसके बाद भी उसका पता नहीं चला।

## तंबाकू फैक्ट्री की दो यूनिटों में जीएसटी की टीम का छापा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मुरादाबाद मार्ग स्थित जीरो-प्वाइंट के पास तम्बाकू फैक्ट्री की यूनिट में जीएसटी टीम ने छापा मारा। देर शाम तक टीम फैक्ट्रियों में मौजूद रहकर कागजात खंगालती रही।

मुरादाबाद रोड स्थित जीरो प्वाइंट के पास मैंथा व तंबाकू की फैक्ट्रियां हैं। आज सुबह जीएसटी की टीम दो वाहनों में सवार होकर पुलिस के साथ तंबाकू फैक्ट्री की दो यूनिटों में पहुंची।

इसके बाद टीम में शामिल अधिकारियों ने फैक्ट्रियों के कार्यालय में कार्रवाई शुरू की। फैक्ट्रियों के गेट बंद कर दिए गए।

जीएसटी टीम द्वारा छापेमारी की सूचना मिलने पर मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। मगर टीम के अधिकारियों ने मीडिया से बात नहीं की। देर शाम तक टीम फैक्ट्रियों में मौजूद रही। बताया जा रहा है कि टीम लखनऊ से आई थी।



बैठक में बोलते चौधरी विवेक कुमार। ● अमृत विचार

## देश तोड़ने वाले कांग्रेस नेता के बयान की कड़ी भर्त्सना की गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की घंटाघर स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में कांग्रेस की देश तोड़क विभाजनकारी नीतियों की कड़ी भर्त्सना करते हुए पार्टी की मान्यता समाप्त करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग करके एक बार फिर कांग्रेस की विभाजनकारी नीति उजागर की है। नगर महामंत्री योगेंद्र मोहन शास्त्री ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां हमेशा से विभाजनकारी रही है, कोई भी देश तोड़ने की बात करेगा तो इसे कभी सहन नहीं किया जाएगा। भारत कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक है और एक रहेगा। कांग्रेस को अपने सांसद के विभाजनकारी बयान पर देश से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान विनय अग्रवाल, बृजेश सिंह चौहान, योगेंद्र कमार शर्मा, डीके राणा, मुकेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, कृष्ण औतार गुप्ता, केजी गुप्ता, डा. जय शंकर दुबे आदि मौजूद रहे।

## फेयरवेल पार्टी में छात्र को मारपीट कर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद बाईपास स्थित एक कान्वेंट स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान दो छात्रों ने एक छात्र के साथ मारपीट की। पीड़ित छात्र की सूचना पर परिजन विद्यालय पहुंच गए। प्रधानाचार्य से हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली निवासी चंद्रेश शर्मा का पुत्र सार्थक शर्मा मुरादाबाद बाईपास रोड स्थित एक कान्वेंट स्कूल में कक्षा 11 का छात्र है। शनिवार को विद्यालय में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी थी। जब 11 बजे जब फेयरवेल पार्टी की आरंभ हुई तो कक्षा 11 के दो छात्रों ने सार्थक के साथ मारपीट कर दी। घटना से आहत हुए छात्र ने फोन से अपने परिजनों को सूचित किया। कुछ देर बाद बिसौली से परिजन विद्यालय पहुंच गए और विद्यालय की प्रधानाचार्य से शिकायत की। इसके बाद प्रधानाचार्य ने दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता की। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता कराकर मामला रफा दफा कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।



छात्र के परिजनों से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ **प्रधानाचार्य ने वार्ता कर दोनों पक्षों में करा दिया समझौता**

## सामूहिक दुष्कर्म में दो युवकों को 20-20 वर्ष की सजा व जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। घटना जनपद संभल के थाना असमोली में 2021 में हुई थी।

शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि थाना असमोली में मई 2021 में 15 वर्षीय किशोरी के साथ खेत में गांव के दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। किशोरी ने डर के कारण कई दिन बाद परिजनों को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। इसके वाद पिता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने युवक मुकेश पाल उर्फ मुखिया व चित्रदेव उर्फ छोटू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। छह अक्टूबर 2021 को न्यायालय ने घटना का संज्ञान लिया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस उसने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों युवकों को धारा 376डी व धारा 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम का दोषी माना। न्यायालय में आरोपी मुकेश पाल उर्फ मुखिया व चित्रदेव उर्फ छोटू को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थ दंड अदा नहीं करने की स्थिति में दोनों आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



न्यायालय से आरोपियों को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ **असमोली क्षेत्र में 2021 में युवकों ने खेत में किशोरी से किया था दुराचार**

## सार-संक्षेप

### अंबेडकर पार्क की जमीन से कब्जा हटवाने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी ग्रामीणों ने शनिवार को संभल तहसील परिसर में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपा। बताया कि गांव में स्थित अंबेडकर पार्क की जमीन पर गांव के ही लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। कई दिन पहले की गई शिकायत की जांच करने पहुंचे लेखपाल ने पार्क की जमीन पर दूसरे व्यक्ति का कब्जा दिखा दिया। जबकि उस व्यक्ति का जमीन पर कब्जा नहीं है। इस दौरान ओमपाल, मनोज, चंद्रभान, रवि कुमार, राजेंद्र, नन्हे, विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



सुंदरकांड का पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### संगीत मय सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा शक्ति नगर में संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, विशाल शर्मा, सुनील कुमार गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, संजीव शर्मा ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। इस दौरान भजन गाए। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अशोक पाठक, सुरेश चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, कपिल शर्मा, कामेश्वर अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, गुलसन अरोरा, पीएन शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



महिलाओं से वार्ता करतीं उपजिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## महिलाओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **एसडीएम को ज्ञापन देकर की समस्याओं के समाधान की मांग**

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बमनेटा के ग्रामीणों व महिलाओं ने गांव के मुख्य रास्ते पर अवैध कब्जा हटवाने व मुख्य नाले का पानी बंद कराने की मांग को उपजिलाधिकारी नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व महिलाओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में कहा है कि बहजोई थाने का गांव बमनेटा बारिश के पानी व घर का पानी निकासी को मुख्य नाला बना हुआ है। यही गांव का मुख्य रास्ता है। जबकि गांव के कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग व नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर अपने मकानों का निर्माण कर लिया है। जिससे लोगों के आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इससे गलियों में पानी भरा रहने से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। उक्त लोगों से कुछ कहने से वह गाली-गलौज व लड़ाई झगड़े पर अमादा हो जाते हैं। ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण हटवाने व मुख्य नाले के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

## छात्रा का फोटो फेसबुक पर पोस्ट करने को लेकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

▸▸ **स्कूल के टूर के दौरान खींच लिये थे छात्रा के फोटो**

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में इंटर कॉलेज के छात्र द्वारा छात्रा का फोटो फेसबुक पर पोस्ट करने को लेकर छात्रों के बीच मारपीट हुई। प्रधानाचार्य ने छात्रा का फोटो पोस्ट करने व मारपीट करने वाले छात्रों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है।

पिछले दिनों असमोली के एक इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र छात्राएं टूर पर गए थे। वहां पर एक छात्र ने छात्रा के फोटो खींचकर अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर दिए। छात्रा के फोटो फेसबुक पर पोस्ट करने की बात पूरे स्कूल में फैल गई। इसके बाद ही एक छात्र ने फोटो पोस्ट करने वाले छात्र से बात कर छात्रा का फोटो सोशल मीडिया पर डालने का विरोध किया तो छात्र झगड़े पर उतर आया। इसके बाद दोनों छात्रों के समर्थक छात्र भी आ गये और मारपीट होने लगी। झगड़े की सूचना पर प्रधानाचार्य ने पहुंचकर विवाद शांत कराया। प्रधानाचार्य का कहना है कि लड़ाई करने वाले छात्रों को स्कूल से निकाल दिया गया है।

### पत्नी हुई लापता, पति ने थाने में दी तहरीर

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली में घर से निकली महिला लापता हो गई। पति ने थाने में तहरीर देकर पत्नी का पता लगाने की गुहार लगाई है। पति ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी पत्नी सुबह आठ घर से बिना बताए निकल गई थी। वापस नहीं लौटी तो काफी ढूंढने का प्रयास भी किया लेकिन कहीं पर नहीं मिली। पति ने बताया की अपनी ससुराल को फोन किया तो उन्होंने भी बताया कि पत्नी वहां भी नहीं पहुंची है।

### चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, नकदी बरामद

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी नसीम करीब एक माह पहले बाजार में हुई चोरी के आरोप में फरार चल रहा था। पुलिस ने नसीम को 3250 रुपये समेत गिरफ्तार कर लिया।

## महाशिवरात्रि से पूर्व मार्ग ठीक कराने को ज्ञापन दिया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका के सभासदों ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर निकलने वाली शिव बारात के प्रारंभ स्थल को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंच जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि सात व आठ मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार भी शिवभक्त सात मार्च को नंगे पांव राजघाट नरौरा से गंगा जल लेकर मझावली से खुर्जा गेट होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे। सात मार्च की शाम पांच बजे खुर्जा गेट स्थित कांवड़ वाली धर्मशाला से कांवड़ियों की भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। बताया कि शिव बारात का प्रारंभ स्थल खुर्जा गेट की सड़क की हालत जर्जर बनी हुई है। मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे होने से कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**लापरवाही** | ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी के नेतृत्व में गठित हुईं थी टीमें

## झोलाछापों पर कार्रवाई को अधिकारी गंभीर नहीं

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **10 दिन बाद जिले में सिर्फ एक स्थान पर हुई कार्रवाई, बड़ी संख्या में अवैध रूप से अस्पतालों का हो रहा संचालन**

**अमृत विचार :** संभल जिले में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के आदेश पर भले ही झोलाछाप पर कार्रवाई के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में टीमें गठित कर दी गईं लेकिन कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। आलम यह है कि जिले में सिर्फ एक स्थान पर ही झोलाछाप की क्लीनिक सील करते हुए कार्रवाई हुई है लेकिन दूसरे क्षेत्रों में शहर से लेकर देहात तक बड़ी संख्या में झोलाछाप अवैध रूप से अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं पर कार्रवाई नहीं हो रही है। सवाल है कि इतनी उदासीनता रही तो अवैध अस्पताल कैसे बंद हो पाएंगे।

जनपद संभल में शहर एवं देहात क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की संख्या अच्छी खासी है। इनके संचालक झोलाछाप डॉक्टर न सिर्फ मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं बल्कि नियमों की अनदेखी करते हुए लोगों की जान लेने का कारण भी बन रहे हैं। अक्सर इनअस्पतालों में इलाज के कारण मरीजों की मौत की खबरें आती रहती हैं। अवैध अस्पतालों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर भी आरोप लगते रहे हैं। शायद इसी का संज्ञान लेकर कमिश्नर ने आदेश जारी कर अवैध अस्पतालों पर छापेमारी करने वाली टीम में प्रशासनिक अधिकारी के शामिल होने की बात कही। जिसके बाद संभल जिले में भी ब्लॉक स्तर पर कार्रवाई के लिए प्रशासनिक अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित की गई। मंशा यही थी कि प्रशासनिक अधिकारी टीम में रहेंगे तो कड़ी कार्रवाई हो सकेगी लेकिन 10 दिन बीतने के बाद भी संभल जिले में इन टीमों की सक्रियता नजर नहीं आ रही है और न ही अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई हो रही है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ रजपुरा क्षेत्र के गवां में एक अवैध क्लीनिक को सील कराते हुए झोलाछाप पर मुकदमा दर्ज कराया गया है जबकि दूसरे विकास खंडों में अब भी बड़ी संख्या में अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं। गठित टीमों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं। सीएमओ डा. तरन्नुम रजा का कहना है कि कार्रवाई की जायेगी।

## श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व रासलीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।

शनिवार को सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन पर वृंदावन से आए श्री 1008 महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का बखान किया।

उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म कथा, पूतना वध, यशोदा माता के साथ बाल्यपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी, गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों वर्णन किया। कथा में उन्होंने सुंदर भजन सुनाए जिन्हें सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।



# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,



मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।



हफीज किदवई
लेखक

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्ति: विविधता में एकता के दर्शन

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

## एक नजर

### नशे के 88 कैप्सूलों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज पवन मिश्र ने नशे के 88 कैप्सूलों के साथ आरोपी अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अब्दुल कादिर पुत्र रिफाकत हुसैन थाना क्षेत्र में बेकरी के सामने टॉवर वाली गली का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी पीर का बाजार खाली मैदान में खड़ा था। संदिग्ध प्रतीत होने पर इसे पकड़ा गया और पूछताछ के बाद इसकी तलाशी ली गई थी। जिस पर इसके पास से चार पत्तों में कुल 88 कैप्सूल मिले हैं।

### सट्टा पर्ची जमा करते एक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। इसके विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कराया है। इसमें मोहम्मद साजेब को नामजद किया है। यह गलशहीद थाना क्षेत्र के मुहल्ला सीढ़ी सराय में मिस्त्री वाली गली का रहने वाला है। दरोगा बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपी को जुआ खेलते उन्होंने गश्त के दौरान गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वह लाजपतनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में जुमा की नमाज में शांति व्यवस्था में मुस्तैद थे। उसी दौरान गलशहीद चौराहे के पास खड़ा होकर लोगों से आरोपी मोहम्मद साजेब सट्टा पर्ची जमा कर रहा था। उन्होंने बताया कि इसके पास से उन्होंने 11 सट्टा पर्ची बरामद की हैं।

### छात्रा से छेड़छाड़, जान से मारने की दी धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे क्षेत्र में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को बताया है कि 29 जनवरी को वह बाजार से अकेली घर लौट रही थी। रास्ते में गांव सुल्तानपुर के पास सुनसान जगह पर गांव के अशित और पंकज ने उससे छेड़छाड़ की है। आरोप लगाया है कि अशित ने उससे छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ पंकज ने भी आरोपी की मदद की। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आए तो दोनों आरोपियों ने छात्रा को जातिसूचक शब्द कहे और धमकी देते हुए भाग गए थे।

### युवक से तमंचा बरामद

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र में शनिवार को नगर पंचायत महमूदपुर माफी में अन्सारी ईंट भट्ठे के निकट अलीनगर की तरफ उप निरीक्षक जगतपाल वर्मा ने एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक ने अपना नाम देशराज सिंह पुत्र मनोहर सिंह निवासी इमामबाड़ा थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल बताया है। युवक से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

# मुरादाबाद-लखनऊ लाइन का दबाव कम करेगा चंदौसी रूट दोहरीकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**सुविधा**
- साल 2019-20 के आम बजट में उठा था मुद्दा
- रेलवे की कमाई की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है यह रूट

**अमृत विचारः** मुरादाबाद-चंदौसी रेल दोहरीकरण मुरादाबाद और लखनऊ रूट का जाम कम करेगा। यह परियोजना दिल्ली-लखनऊ के बीच ट्रेनों के सुगम यातायात का मजबूत आधार बनेगी। साल 2019-20 के आम बजट में इस परियोजना की बात उठी थी। तब सरकार ने इस कार्य के लिए 235 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दी थी। साल 2019 में ही रूट के ट्रैक विद्युतीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया।

अब मुरादाबाद-चंदौसी-अलीगढ़ सेक्शन में ट्रेनें बिजली के इंजन से दौड़ रहीं हैं। यह रूट रेलवे की कमाई की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। आंवला तेल डिपो इसी से जुड़ा है जबकि, देश और प्रदेश की राजधानी के रास्ते में यात्री ट्रेनों का संचालन और सुगम हो जाएगा। रेल प्रबंधन की आमदनी का रास्ता भी आसान हो जाएगा। जहां तक बात चंदौसी स्टेशन की है तो अमृत भारत योजना के तहत चयनित है। यह स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। वर्तमान समय में यहां तीन रेल लाइनें हैं।

अमृत भारत स्टेशन में चयनित चंदौसी स्टेशन की 2877 वर्ग मीटर सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 260 वर्ग मीटर क्षेत्र में यात्री प्रवेश द्वार बनेगा। दिव्यांगों के लिए 15 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का शौचालय का निर्माण प्रस्तावित है। 82 वर्ग मीटर क्षेत्र वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय के लिए आरक्षित है। महिला-पुरुष के संयुक्त शौचालय के लिए 147 वर्ग मीटर भूमि प्रस्तावित की गई है जबकि, 968 वर्ग मीटर भाग पर पार्किंग व्यवस्था संचालित होगी। दिव्यांगों के लिए 12 वर्ग मीटर जगह प्रस्तावित है। स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण होना है।

प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधन सुधीर सिंह का कहना है कि ट्रैक दोहरीकरण से मंडल में यात्री और माल परिवहन आसान होगा। चंदौसी स्टेशन पहले से अमृत भारत योजना के तहत चयनित है। इस परियोजना के पूरा होने के साथ ही रेल सेवाओं का विस्तार नजर आएगा। पर्यटन की दृष्टि से यह रूट महत्वपूर्ण है। मंडल मुख्यालय से आगरा और प्रयागराज के यात्रियों को आने-जाने में आसानी होगी। यह रूट पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन (मुगलसराय) से होकर कोलकाता और झारखंड की गुड्स ट्रेनों का आधार बनेगा।


शनिवार दोपहर में निकली धूप में रामगंगा नदी के किनारे अठखेलियां करते प्रवासी पंछी। ● अमृत विचार

## कार चालक ने युवक को पीटा, मोबाइल भी तोड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सगाई समारोह में किराए के वाहन से जा रहे युवक को ड्राइवर ने बीच रास्ते में ले जाकर मारा पीटा और मौके से भाग गया। पीड़ित ने आरोपी ड्राइवर के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित जितेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया है कि वह 29 जनवरी को सगाई समारोह में शामिल होने के लिए किराए के वाहन से अमरोहा जा रहे थे। जब वह पीवीआर चौराहे पर पहुंचे तो ड्राइवर बच्चन सिंह उन्हें चौराहे पर ही छोड़ने को कहने लगा। उन्होंने आगे छोड़ने को कहा तो वह गालियां देने लगा। मना करने पर ड्राइवर ने डंडे से उनकी कनपटी पर वार कर दिया। जिससे वह चोटिल होकर गिर गए और फिर उनके गले में पड़ी सोने की चेन गिर गई। पीड़ित ने बताया कि कार चालक बच्चन सिंह पुत्र राजाराम सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नयागांव मऊ का रहने वाला है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ड्राइवर ने उनका मोबाइल भी तोड़ दिया था।

# रिश्वतखोर दरोगा पर एक और एफआईआर 25.61 लाख रुपये की अवैध संपत्ति मिली

## बागपत जिले का रहने वाला है आरोपी दरोगा, बरेली पुलिस लाइन में है तैनात

**आय से अधिक संपत्ति**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अक्टूबर 2019 में मझोला थाने में तैनाती के दौरान घूस के रुपयों के साथ पकड़ा गया था दरोगा

**अमृत विचार :** मझोला थाने में तैनात रहे रिश्वतखोर दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर के पास आय से 40.32 प्रतिशत संपत्ति अवैध मिली है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने इस दरोगा के पास 25.61 लाख रुपये से अधिक अवैध संपत्ति होने की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि मझोला थाने में अपनी तैनाती अवधि में दरोगा जितेंद्र बिना सुविधा शुल्क लिए कोई भी काम नहीं करता था। इसी के चलते इसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 25 अक्टूबर 2019 में 10,000 रुपये की घूस लेते धर दबोचा था। फिर इसके विरुद्ध शासन के निर्देश पर एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आय से अधिक संपत्ति की जांच की और इस बीच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की पुष्टि होने पर दरोगा के विरुद्ध मझोला थाने में शुक्रवार रात में एक और एफआईआर दर्ज कराई है। रिश्वतखोर दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर वर्तमान में बरेली पुलिस लाइन में तैनात है, जबकि वह बागपत जिले के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव हिलवाड़ी का रहने वाला है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने मझोला थानाध्यक्ष को बताया है कि आय से अधिक संपत्ति की जांच में पता चला है कि आरोपी दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर पुत्र जगदीश सिंह ने निर्धारित अवधि में शुद्ध वेतन, बोनस, एरियर, बीमा पॉलिसी, ब्याज से हुई आय से ज्ञात आय के वैध स्रोतों से कुल 63,53,348 रुपये आय अर्जित की है। जबकि इसी अवधि में आरोपी ने चल-अचल संपत्ति, निवेश, पारिवारिक भरण-पोषण व अन्य मदों पर कुल 89,15,205 रुपये खर्च किए हैं।

इस तरह निर्धारित की गई अवधि में दरोगा से ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित की गई आय के मुताबिक उसने 25,61,857 रुपये अर्थात 40.32 प्रतिशत अधिक व्यय किया गया है, जो उसकी ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित आय से अधिक है। वैसे इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आरोपी दरोगा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन, उसने कोई जवाब नहीं दिया है।

### इस मामले में दरोगा ने ब्रह्मपाल सिंह से ली थी रिश्वत

दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर 2019 में मझोला थाने की नया गांव मुरादाबाद चौकी पर इंचार्ज था। इसने ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रामपुर घोघर गांव के ब्रह्मपाल सिंह से 10,000 रुपये की रिश्वत ली थी। ब्रह्मपाल के बेटे संजीव ने पत्नी से नाराज होकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। वह नया मुरादाबाद स्थित सेक्टर-13 में पत्नी रीना के साथ किराए पर रहता था। आत्महत्या का मामला मझोला थाने में मृतक संजीव की पत्नी रीना, महावीर, कमलेश और एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ था। इसकी जांच दरोगा जितेंद्र कर रहा था। ब्रह्मपाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी तो दरोगा ने रिश्वत में 10,000 रुपये की मांग की थी। ब्रह्मपाल ने जैसे-तैसे करके बहनोई सुशील से तीन हजार रुपये उधार लेकर दरोगा को दे दिए थे। लेकिन, वह नहीं माना था तो पीड़ित ने तत्कालीन एसएसपी अमित पाठक से शिकायत की थी। फिर दरोगा उन्हें परेशान करने लगा था। फिर ब्रह्मपाल ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क साधा। एंटी करप्शन टीम के कहने पर ब्रह्मपाल ने दरोगा को 10,000 रुपये देने को राजी हुए थे। ब्रह्मपाल बेटे सचिन और बहनोई सुशील कुमार के साथ गागन तिराहे पर मिठाई की दुकान पर पहुंचे थे, जहां दरोगा जितेंद्र को बुलाया और उसे 10,000 रुपये दिए। उसी दौरान उसे एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया था।

# सीए हत्याकांडः विकास पर एनएसए खत्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में आरोपी विकास शर्मा उर्फ गुग्गू निवासी रेती स्ट्रीट चौमुखा पुल को हाईकोर्ट प्रयागराज ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट में न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा व अनीश कुमार गुप्ता की डबल बेंच ने आरोपी पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को खत्म करते हुए उसे अन्य मामले में जेल में निरुद्ध रखने की जरूरत न होने पर तत्काल रिहा करने का आदेश पारित किया है। इस फैसले के आदेश को न्यायालय ने शुक्रवार को सार्वजनिक भी कर दिया है।

विकास शर्मा उर्फ गुग्गू की तरफ से हाईकोर्ट में अधिवक्ता धर्मेंद्र धर दुबे ने याचिका दायर की थी। इस पूरे मामले में अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास शर्मा उर्फ गुग्गू के विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट ने छह सितंबर 2023 को एनएसए लगाया था। इसके बाद 18 अक्टूबर को अगले तीन महीने के लिए फिर से एनएसए को प्रभावी कर दिया था। अधिवक्ता ने जिला मजिस्ट्रेट के 6 सितंबर के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने बताया कि सीए श्वेताभ तिवारी की 15 फरवरी 2023 को दिल्ली रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक को मुख्य साजिशकर्ता बताकर घटना का पर्दाफाश करने का दावा किया था। साथ ही शूटर केशव सरन शर्मा, विकास शर्मा उर्फ गुग्गू व खुशवंत उर्फ भीम को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। वर्तमान में ललित कौशिक बलरामपुर, केशव सरन शर्मा व विकास शर्मा उर्फ गुग्गू बिजनौर जेल में निरुद्ध है जबकि, खुशवंत उर्फ भीम मुरादाबाद जेल में है। अधिवक्ता ने बताया कि विकास शर्मा उर्फ गुग्गू की सीए श्वेताभ तिवारी के पार्टनर संदीप ओझा से दोस्ती थी। पुलिस ने संदेह जताया कि श्वेताभ की संपत्ति में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी संदीप की है और विकास शर्मा संदीप के जरिए उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से सीए की हत्या में शामिल रहा होगा। इसी संदेह में पुलिस ने उसे भी हत्या का आरोपी मानकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### पुलिस ने विकास को अवैध कैद में रखा : अधिवक्ता

अधिवक्ता अभिषेक शर्मा का कहना है कि विकास शर्मा उर्फ गुग्गू को मझोला पुलिस ने 16 मार्च 2023 को शाम पांच बजे के दौरान अगवानपुर से उठा लिया था। फिर उसे 31 मार्च तक अर्थात 15-16 दिन तक अवैध कैद में रखा गया। इस मामले में विकास की बहन संगीता शर्मा ने न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र भी दिया था। जिस पर न्यायालय ने मझोला पुलिस से आख्या तलब की थी तो पुलिस ने आख्या में साफ इनकार किया कि विकास शर्मा नाम का कोई व्यक्ति उनके पास नहीं है। फिर संगीता शर्मा ने अधिवक्ता के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र दिया। इसमें उसने स्पष्ट किया कि 22 मार्च को उसने अपने भाई विकास शर्मा को मझोला थाने पर देखा है। उसने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांचने की भी मांग की थी। लेकिन, जांच अधिकारी ने थाने के कैमरे खराब होना बताया था।

### हत्याकांड मामले में मिली चुकी है जमानत

अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया कि सीए हत्याकांड में विकास शर्मा उर्फ गुग्गू को जमानत मिली चुकी है। उसके जमानत वाले दस्तावेज शुक्रवार को सत्यापित होने के लिए तहसील गए हैं। अब चूंकि हाईकोर्ट ने एनएसए को खारिज कर दिया है, इसलिए तहसील से कागजों का सत्यापन पूरा होते ही वह जमानत पर जेल से रिहा हो जाएगा।

# हॉस्पिटल सील करने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्राधिकरण प्रशासन सख्त है। प्रवर्तन दल की कार्रवाई के बीच शनिवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने टीम के साथ मनोहरपुर और मैनाठेर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां अवैध निर्माण पर नाराजगी जताते हुए सेलेक्ट हॉस्पिटल, फैक्ट्री और मैरिज होम को सील करने का आदेश दिया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने ग्राम मनोहरपुर और मैनाठेर में चल रहे अवैध निर्माण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि ग्राम मैनाठेर में मोहम्मद निसार पुत्र मोहम्मद यूसुफ द्वारा लगभग 14,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए सेलेक्ट हॉस्पिटल, फैक्ट्री, पार्किंग एरिया और मैरिज हॉल का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने अवैध निर्माण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे सील करने का आदेश दिया। इसके अलावा आसपास के कई अन्य भवनों का नक्शा स्वीकृत न होने और चालान के बाद भी निर्माण जारी होने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया। कहा कि इसे सील करें। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रवर्तन दल के सदस्यों को किसी भी स्थिति में शिथिलता न बरतने की हिदायत दी। कहा संलिप्तता की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।


अवैध निर्माण का निरीक्षण करते मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार।

## जिला जेल में कैदियों को बताए अधिकार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिला जेल में लोक अदालत व विधिक साक्षरता शिविर और जेल के निरीक्षण में कैदियों को उनके विधिक अधिकार बताए गए। लोक अदालत में 44 मामलों का निस्तारण किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार के दिशा-निर्देश पर शनिवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। पैन इंडिया कैम्पेन के अन्तर्गत जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के लिए किशोर न्याय कानून पर जागरुकता शिविर लगा। प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज किरन बाला ने पैन इंडिया कैम्पेन के अन्तर्गत बैरकों का निरीक्षण किया। अपर जिला जज व सचिव ने बंदियों को बताया कि उन्हें विधिक सहायता और अन्य किसी सहायता की आवश्यकता है तो वे जेलर के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

# स्मैक तस्करी में पूर्व पार्षद पिता व पुत्र भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बाइक के बैटरी वाले बॉक्स में रखी मिली 40,000 रुपये कीमत की स्मैक

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बाइक सवार आदर्श कॉलोनी वार्ड-दो के पूर्व पार्षद शिवराज सिंह गुर्जर व उसके बेटे को स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन पिता-पुत्रों को जेल भी भेज दिया गया है। पूर्व पार्षद के विरुद्ध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में शाहजहांपुर, बरेली व मुरादाबाद में कुल चार मामले दर्ज हैं। फकीरपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज दरोगा रीता तेवतिया ने स्मैक तस्करी के आरोप में पिता-पुत्र के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी है। इनमें आदर्श कालोनी वार्ड-दो के पूर्व पार्षद शिवराज सिंह और उसका बेटा अनिल कुमार नामजद हुआ है।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि वह दरोगा अरुण वर्मा हमराह हेड कांस्टेबल प्रेमराज, अमित कुमार, राजेश और कांस्टेबल संजय के साथ गश्त पर थीं। कचहरी मार्ग पर एसबीआई बैंक के आगे पहुंचे तो गेट संख्या-4 के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखा। तभी एक युवक बाइक पर सवार होकर आया और उस व्यक्ति को बैठाकर निकलने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने बाइक सवार को रोक लिया। पूछताछ में पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शिवराज सिंह पुत्र नेतराम सिंह और बाइक चालक ने अपना नाम अनिल कुमार पुत्र शिवराज सिंह निवासी आदर्श कॉलोनी फाटक के पास बताया। अनिल के पास तलाशी में पुलिस को 315 रुपये बरामद हुए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि जब इन लोगों से सख्ती से पूछताछ हुई तो बताया कि वे लोग फकीरपुरा में रहते हैं और स्मैक बेचने का काम करते हैं। बाइक की तलाशी में स्मैक बरामद हो गई। जिसका वजन 100 ग्राम पाया गया। इसकी बाजार कीमत करीब 40,000 रुपये है।

कांग्रेस के पूर्व पार्षद शिवराज सिंह गुर्जर के स्मैक तस्करी में गिरफ्तारी पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा का कहना है कि पुलिस की यह कार्रवाई साजिश के तहत है। राजनीतिक कारणों से यह कार्रवाई हुई है। सत्ता की तानाशाही का हम विरोध करते हैं। इसको लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों से भी बात की गई है।

### एक साल पहले शाहजहांपुर की एसओजी ने भी दबोचा था

फकरीपुरा चौकी इंचार्ज ने बताया कि पूर्व पार्षद शिवराज सिंह गुर्जर थोक में स्मैक का कारोबार करता है। इसके विरुद्ध कुल पांच मामले दर्ज हैं। इसे वर्ष 2022 में शाहजहांपुर जिले की एसओजी ने भी स्मैक तस्करी में ही गिरफ्तार किया था। उसी साल बरेली में भी इसके विरुद्ध दो मामले स्मैक तस्करी और दो प्रकरण धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज हुए थे। इससे पहले मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में वर्ष 2021 में इसके विरुद्ध स्मैक तस्करी में ही मामला दर्ज किया गया था। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने पूर्व पार्षद व अन्य कई महिलाओं को भी गिरफ्तार किया था। उस समय गिरफ्तार हुई महिलाएं पूर्व पार्षद शिवराज सिंह के साथ मादक पदार्थों की बिक्री के काम में लगी थीं। दरोगा रीता तेवतिया ने बताया कि पूर्व पार्षद के गिरफ्तार हुए बेटे अनिल कुमार के विरुद्ध वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पूर्व पार्षद शिवराज सिंह स्मैक को किससे खरीदता था, इसके संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी है लेकिन, इसके साथ में काम करने वालों से पता चला है कि यह जंयतीपुर क्षेत्र में किसी से स्मैक की खरीद करता है।

**बोर्ड परीक्षा**

**विशेषज्ञ बोले : गणित में विद्यार्थी ला सकते हैं 100 में से 100 अंक, बीते सालों के परीक्षा पेपर से करें पढ़ाई**

# सही तकनीक और रणनीति के साथ करें गणित की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हो या सीबीएसई गणित के पेपर को लेकर सभी छात्र-छात्राओं में डर रहता है। लेकिन, सीबीएसई के विशेषज्ञों की माने तो गणित ऐसा विषय है, जिसमें विद्यार्थी 100 में से 100 अंक प्राप्त कर सकता है। कहा कि अगर सही तकनीक व रणनीति के साथ विषय को पढ़ें तो यह विषय सबसे दिलचस्प है। आमतौर पर विद्यार्थी गणित के पेपर में घबरा जाते हैं। जिसके चलते वह प्रश्न सही से हल नहीं कर पाते। कई बार विद्यार्थी समय पर पेपर खत्म करने से चूक जाते हैं। कई महत्वपूर्ण प्रश्न छोड़ देते हैं, जबकि वे प्रश्न आसानी से हल किए जा सकते थे।

राजेंद्र एकेडमी के गणित के शिक्षक हर्ष राहल ने बताया कि 100 फीसदी नंबर चाहते हैं तो जवाब सिर्फ सही ही नहीं, बल्कि उसकी प्रस्तुति भी अच्छी होनी चाहिए। इसके लिए कॉपी साफ-सुथरी लिखें। इसकी दाहिनी तरफ लाइन खींच कर रफ काम करें। उत्तरों को क्रमवार लिखें। यदि कोई प्रश्न बाद में बनाना चाहते हैं, तो उसके लिए उचित जगह छोड़कर आगे के प्रश्नों को हल करें। बाद में उस जगह पर उत्तर लिखें। जो खुद को गणित में कमजोर समझते हैं, वे छह अंक के प्रश्नों को पहले हल करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त कर सकें। हर प्रश्न पर कितना समय देना है, यह तय कर लें। कहा कि किसी भी सवाल को कभी भी रटना नहीं चाहिए। प्रत्येक प्रश्न को हल करने से यह पता चलता है कि कहां गलती हो रही है और उनमें कैसे सुधार कर सकते हैं।

**पिछले साल का प्रश्न पत्र हल करें :** सबसे जरूरी है कि पिछले साल का प्रश्न पत्र जरूर हल करें, क्योंकि इसे हल करने के बाद आत्मविश्वास आएगा और विद्यार्थी मानसिक रूप से भी पेपर देने के लिए तैयार होंगे।

**टॉपर बच्चों की आंसर शीट देखें, कैसे देने चाहिए उत्तर :** बच्चों में असमंजस होता है कि वह कैसे जवाब लिखें, ताकि अच्छे अंक आएं। इसके लिए सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर टॉपर बच्चों की आंसर शीट अपलोड की है, जिसमें वह देख सकते हैं कि कैसे उत्तर लिखना है।

**उदाहरण में दिए सवाल जरूर करें :** एनसीईआरटी की किताबों में दिए उदाहरण को जरूर हल करें। विशेषज्ञों की मानें तो अक्सर देखा है कि बच्चे चैप्टर से पहले दिए उदाहरण पर ध्यान नहीं देते और पेपर में वहीं या उसके जैसा ही सवाल आ जाता है।

### कक्षा एक और दो के बच्चे पढ़ेंगे एनसीईआरटी की किताबें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों को भी एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की किताबें पढ़ाई जाएंगी। इस समय इन कक्षाओं के बच्चों को एससीईआरटी (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की पाठ्यक्रमों पर आधारित किताबें पढ़ाई जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार बच्चों को मुख्य रूप से भाषा और गणित विषय में निपुण करने के उद्देश्य से शासन स्तर पर यह कवायद शुरू की जा रही है। निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में एनसीईआरटी की किताबें बहुत कारगर साबित होंगी। जिले के 1401 परिषदीय स्कूलों में करीब 2 लाख 40 हजार छात्र पंजीकृत हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि शैक्षिक सत्र की शुरुआत में ही बच्चों को किताबें मुहैया हो सकें। इसके लिए कक्षा तीन और आठ का क्रय आदेश तैयार कर अधिकृत प्रकाशक एवं शासन को भेज दिया गया है। कक्षा एक और दो के बच्चों को पहली बार एनसीईआरटी की किताबें वितरित की जाएंगी।

# युवक को ईंट से कूच कर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मैक के नशे के चक्कर में युवक की जान चली गई। आरोपी ने स्मैक के रुपये न देने पर गोविंद (30) की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। सिविल लाइंस क्षेत्र में फव्वारा चौक रेलवे कॉलोनी के खंडहर नुमा आवास में हुई घटना से सनसनी फैल गई है।

मृतक मझोला थाना क्षेत्र में मंडी समिति के सामने का रहने वाला था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उधर, मृतक गोविंद की पत्नी गुलिस्ता की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपी साजिद उर्फ लंबू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपी कटघर थाना क्षेत्र के डबल फाटक हड्डी मिल के पास का निवासी है।

मृतक की पत्नी गुलिस्ता ने पुलिस को बताया है कि उसके पति को साजिद उर्फ लंबू ने ही मारा है। यह स्मैक और सलोचन बेचता है। उसके पति गोविंद ने भी उसी से स्मैक खरीदी थी। इसके वह रुपये मांग कर रहा था।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात गोविंद सिविल लाइंस क्षेत्र में फव्वारा चौक के पास रेलवे के खंडहरनुमा बने आवासों में अन्य युवकों के साथ मौजूद था। इसी दौरान वहां साजिद भी पहुंचा था। उसने गोविंद से अपने रुपये मांगे थे। गोविंद ने रुपये देने से इनकार किया तो साजिद ने उस पर ईंट से ताबड़तोड़ कई हमले किए थे। जिससे गोविंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को हिरासत में लिया है। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर मौके पर पहुंचे थे। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य भी एकत्र कराए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि मृतक के शव के सिर, हाथ, पैर, सीने और पसलियां टूट गई थीं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### नशे के चक्कर में पत्नी ने भी छोड़ दिया था साथ

मृतक गोविंद की पत्नी गुलिस्ता ने बताया कि उसकी शादी गोविंद के साथ हुई थी। वह मूलरूप से बिलारी के टांडा अमरपुर निवासी था। उसके एक बेटा है। उसने बताया कि उसका पति गोविंद स्मैक और सलोचन का नशा करता था। जिस कारण उसने उसका साथ छोड़ दिया था। महिला ने बताया कि उसका पति रेलवे स्टेशन पर रहता था। वह नशा का आदी था।

## एक नजर

### ई-रिक्शा के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

**हापुड, अमृत विचार :** पुलिस ने श्यामपुर दादयरा चौराहे के पास चैकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से जनपद गौतमबुद्धनगर से चोरी की गई ई–रिक्शा यूपी 14 एल टी 1624 व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में वाहन चोरों ने अपने नाम राजू पुत्र खजान सिंह व अनुज उर्फ छोटू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम श्यामपुर दादयरा हापुड़ बताया है। थाना हापुड़ देहात के उप निरीक्षक गोधन लाल ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है।

### मारपीट में दो पक्षों के सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर टप्पा वैश निवासी ओमवीर सिंह व देवेंद्र पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को आमने सामने आ गए और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज होता देखकर दोनों के अन्य परिजन भी आ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# 20 निराश्रित गोवंशों की कट कर मौत, पलटने से बचीं दो ट्रेनें

## लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा रोकी पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▶▶ यात्रियों में मची चीख पुकार, रेल प्रशासन में मचा हड़कंप, अफसरों ने की जांच

**अमृत विचारः** मीरानपुर और बिलपुर रेलवे स्टेशन के बीच कसरक रेलवे क्रॉसिंग और हुलासनगरा के पास दो ट्रेनों की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की कटकर मौत हो गई। वहीं हादसे में अप लाइन की पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस पलटते-पलटते बचीं। ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनें रोकी थीं। तमाम यात्री कोच से नीचे उतर आए। जानकारी पर रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेल यातायात भी बाधित रहा।

ट्रेन संख्या 4207 प्रतापगढ़-आनंद बिहार पद्मावत एक्सप्रेस शुक्रवार की रात करीब 1.30 बजे बरेली की ओर जा रही थी। मीरानपुर कटरा और बिलपुर के बीच कसरक रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड रेलवे लाइन के किनारे निकल रहा था।

लोको पायलट ने पशुओं को रेल लाइन से हटाने को सायरन बजाया और ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन की चपेट में आकर 10 गोवंशों की मौत हो गई। इस दौरान इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर ट्रेन पलटते-पलटते बची।

सूचना पर बरेली की आरपीएफ, कटरा पुलिस और रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इस हादसे को कुछ घंटे बीते होंगे कि दूसरा हादसा हो गया। शनिवार की तड़के 5 बजे राप्ती गंगा एक्सप्रेस बरेली की ओर जा रही थी। हुलासनगरा गांव के सामने अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड अप लाइन के पास से निकल रहा था।

लोको पायलट ने सायरन बजाकर उन्हें हटाने का प्रयास किया। तब तक ट्रेन की चपेट में आने से 10 गोवंशों की मौत हो गई। एसडीएम अंजली गंगवार, सीओ तिलहर प्रयांक जैन, कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी, बरेली की आरपीएफ, रेल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। रेल कर्मचारियों ने ट्रेन के इंजन में फंसे मांस के टुकड़ों को निकाला और ट्रेनों को बरेली के लिए रवाना किया। इस दौरान मरे पशुओं को रेलवे लाइन से किनारे किया। इसके बाद रेल यातायात सामान्य हुआ।

## नवोदय विद्यालय में शुरू हुआ दो दिवसीय पुस्तक महाकुंभ

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय प्रथम रुद्रपुर पुस्तक महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया। महाकुंभ में 50 से अधिक प्रकाशकों की 50 हजार पुस्तकों को रखा गया था। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

शनिवार को पुस्तक महाकुंभ के शुभारंभ के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि यह पुस्तक महाकुंभ रुद्रपुर के इतिहास में एक नई पहल है। इसका उद्देश्य हम अपनी दिनचर्या में या उपहार आदान प्रदान की परंपरा में बुके की जगह बुक भेंट करने की पद्धति को अमल में लाएं।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी कहा था कि हम बुके नहीं बुक देने की परंपरा की शुरुआत करें और आज उनकी इस अपील के सार्थक परिणाम धरातल पर नजर आ रहे हैं।

## एक लाख का लोन देने का झांसा देकर ठगे 25 हजार

संवाददाता, रुद्रपुर

▶▶ सिडकुल कर्मी को देते रहे भुगतान का झांसा

**अमृत विचारः** सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत कर्मी को ऑनलाइन लोन देने का झांसा देकर हजारों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना था कि उसने ऑनलाइन एक लाख रुपये लोन का आवेदन किया था। मगर बार-बार लोन के बाद उससे हजारों रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ के थल ओखल गांव निवासी विक्रम कुमार ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है और जगतपुरा स्थित किराए के मकान में रहता है। बताया कि दो दिन पहले उसने इंटरनेट मीडिया में ऑनलाइन लोन का विज्ञापन देखा और दिए गए लिंक पर लोन का आवेदन किया। आरोप था कि आवेदन करने के कुछ ही देर बाद एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी। कॉलर ने एक लाख रुपये के लोन के लिए कई प्रकार से 25 हजार रुपये का भुगतान करवा लिया। बावजूद एक लाख रुपये का लोन पारित नहीं हुआ।

## पैसे नहीं देने पर भिखारी ने यात्री पर उठाई चप्पल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर भिखारियों से लोग परेशान हो रहे हैं। शनिवार को एक महिला भिखारी ने मुंह मांगे पैसे नहीं देने पर यात्री से गाली-गलौज की और मारने के लिए चप्पल भी उठा ली। वहीं आरपीएफ ने भीख मांगने वाली महिला को पागल बता दिया।

शनिवार दोपहर एक महिला कुछ यात्रियों से पचास रुपये की मांग करने लगी। यात्री ने महिला को 20 रुपये दे दिये गये लेकिन वह 50 रुपये देने पर अड़ी रही। दोनों के बीच काफी नोकझोंक होती रही। महिला ने यात्री को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दीं, इस पर यात्री ने विरोध किया तो वह यात्री को मारने के लिए चप्पल निकालकर दौड़ पड़ी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
4 फरवरी विश्व कैंसर दिवस
के उपलक्ष में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक बुकिंग करने पर पायें 50% का डिस्काउण्ट
Full Body PET-CT Scan
22,000 11,000 50% डिस्काउण्ट मुफ्त मैमोग्राफी
पीईटी-सीटी स्कैन क्यों किया जाता है?
• कैंसर का पता लगाना
• कैंसर शरीर के किस-किस जगह में है
• उपचार की योजना और मॉनिटरिंग
• न्यूरोलॉजिकल रोगों का मूल्यांकन
• हड्डी की स्थिति का मूल्यांकन
• हृदय सम्बंधी रोगो के लिए
Online Appointment की सुविधा UPI Payment के द्वारा
बुकिंग करने के लिए सम्पर्क करें - 9811187117
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## कल्कि धाम स्थल पर अधिकारियों ने देखे इंतजाम, चिन्हित की हेलीपैड की जगह

कार्यालय संवाददाता, संभल


सुरक्षा प्रबंधों को लेकर चर्चा करते एडीएम प्रदीप वर्मा व एएसपी श्रीशचंद्र।

▶▶ एडीएम व एएसपी ने कल्कि धाम पहुंचकर सुरक्षा प्रबंधों को देखा

**अमृत विचारः** संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह गांव में 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना के चलते पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी पूरी करने में जुट गया है। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा कर हेलीपैड के लिए जगह चिन्हित कराई। वहीं सुरक्षा बिंदु पर भी मंथन किया गया।

कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में शामिल होने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम अभी जिला प्रशासन को नहीं मिला है लेकिन प्रधानमंत्री के आगमन की संभावना देख पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर हेलीपैड के लिए जगह चिन्हित कराने का काम किया। लोक निर्माण विभाग की टीम ने भी पहुंचकर अपना काम शुरु किया।

हेलीपैड से आयोजन स्थल तक के रूट पर सुरक्षा इंतजाम को लेकर भी मंथन किया गया। वहीं आयोजन स्थल पर सुरक्षा इंतजाम पर भी चर्चा की गई।

## आयुष्मान कार्ड लेकर इलाज के लिए भटक रहा है वृद्ध

संवाददाता, हापुड


आयुष्मान कार्ड दिखाता वृद्ध का बेटा।

**अमृत विचार :** आयुष्मान कार्ड धारक दलित वृद्ध इलाज न मिलने के कारण अस्पतालों के चक्कर लगाने को मजबूर है। वृद्ध के अनुसार पैनल में जोड़े गए प्राइवेट अस्पताल भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना को पलीता लगा रहे हैं। वहीं विभागीय अधिकारी मामले को दरकिनार कर रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार अहमदनगर गांव निवासी 66 वर्षीय धर्मवीर कुछ दिनों से बीमार हैं। उसका एक पुत्र भीमनगर मोहल्ले में रहता है। जोकि मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा है। पिता की बीमारी को लेकर उसके दूसरे पुत्र छोटू ने उसे देवनंदनी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराने का प्रयास किया तो अस्पताल का स्टाफ भड़क गया और मरीज को भर्ती करने से मना कर दिया। अस्पताल स्टाफ का कहना है उनके यहाँ आयुष्मान कार्ड धारक का इलाज नहीं होता है। इस संदर्भ में डिप्टी सीएमओ डॉ केपी सिंह ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक का इलाज न करना गलत है। क्योंकि देवनंदनी अस्पताल आयुष्मान पैनल के अंतर्गत आता है और सरकारी योजना का लाभ देने के लिये बाध्य है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील त्यागी ने मजदूर की व्यथा सुनने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।


लोगों को कंबल बांटते राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**धनारी, अमृत विचारः** थाना धनारी क्षेत्र कस्बा भकरौली में शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा से पहले विधि विधान के साथ कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश रखकर जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुईं।

भकरौली के रामलीला मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन से पहले शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की महिलाएं सिर पर कलश रखकर गांव में निकलीं। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर वापस रामलीला मैदान पर आकर सम्पन्न हुई।

इस दौरान कथा वाचक आचार्य नरेंद्र कुमार शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत प्रारंभ करने से पहले कलश यात्रा निकालने का विधान है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

## सांड़ से टकराकर रामपुर का युवक गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, ( बरेली )अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर सांड़ से टकराने के बाद बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने उसे एंबुलेंस से एक निजी अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल युवक के पास से पुलिस ने 91 हजार रुपये भी बरामद किए है। जिला रामपुर के गांव मिलक ताजपुर निवासी चंद्रसेन बाइक से शनिवार को बरेली गए थे। देर शाम वापस लौटते समय शंखा पुल के पास यात्री शेड के सामने अचानक आए सांड़ से टकराकर वह गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने बेसुध हालत में एंबुलेंस के द्वारा निजी अस्पताल भेज दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है।

## दो ठेकेदारों की फर्म ब्लैकलिस्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पीडब्ल्यूडी में ई–टेंडरिंग में फर्जीवाड़ा करने वाले दो ठेकेदारों पर कार्रवाई की है। प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने बताया कि निविदाएं निरस्त करने के साथ ही दोनों ठेकेदारों की फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल की मार्क सीट अनुक्रमांक 0764733 वर्ष 2020 कही खो गई है। अनस पुत्र ताहिर अली, निवासी जगन्नाथपुर गुन्नौर, सम्भल।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है एक अकाउंटेंट, एक क्लर्क, एक मार्केटिंग बॉय, सैलरी 8000 से 15000 के बीच। पता: डी. के. कंस्ट्रक्शन, सैफनी (रामपुर) संपर्क करें।
मो.- 9411207388

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ALEEM से बदलकर MOHAMMAD ALEEM SHAMSI रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHAMMAD ALEEM SHAMSI S/O MOHAMMAD SALEEM R/O PEERGAIB KACHAN SWEET मुरादाबाद।

## सोसाइटी ने मरीजों व पात्र व्यक्तियों को बांटे कंबल

संवाददाता, हापुड

▶▶ डबल इंजन की मोदी- योगी की सरकार में बिना भेदभाव के कार्य कर रही : मनोज वाल्मीकि

**अमृत विचार :** डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने सिकंदर गेट मोती कॉलोनी स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों व पात्र व्यक्तियों को कंबल बांटे। सोसाइटी द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने कंबलों का वितरण करते हुए कहा कि डबल इंजन की मोदी - योगी की सरकार में बिना भेदभाव के कार्य कर रही है,और पात्र अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। 2024 में फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। सोसाइटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने बताया सोसाइटी प्रत्येक वर्ष निर्धन एवं पात्र व्यक्तियों को शीतकालीन में कंबलों का वितरण करती है। सोसाइटी द्वारा अब तक लगभग 350 कंबलों का वितरण किया जा चुका है।

## इनकम टैक्स की टीम ने कारोबारी के गोदाम पर की छापेमारी

**संभल अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय के निकट एक कारोबारी के गोदाम पर शनिवार को दोपहर इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की।

टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक गोदाम में जांच पड़ताल की। जिसमें कई चीजों के बारे में जानकारी हासिल की गई। टीम की छापेमारी और जांच पड़ताल को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। आयकर की टीम ने जिस कारोबारी के गोदाम पर छापेमारी की है, वह उसी कारोबारी का बताया जा रहा है जिसके घर पर एक साल पहले भी इनकम टैक्स और ईडी की टीम ने छापेमारी की थी।

विश्व कैंसर दिवस 04 फरवरी 2024
थीम:- "CLOSE THE CARE GAP"
एन.पी.-एन.सी.डी.
NATIONAL HEALTH MISSION

**कैंसर के लक्षण**
● आंतो व मूत्राशय की आदतों में बदलाव
● न भरने वाला घाव
● असामान्य रक्तस्त्राव व अन्य कोई स्त्राव
● स्तन में या शरीर में किसी भी हिस्से में गांठ
● अपच या निगलने में परेशानी

**निवारक उपाय**
● धूम्रपान न करें
● स्वस्थ खाने की आदतों का अनुसरण करें।
● शरीर का वजन संतुलित रखें
● भोजन में फल- सब्जियों का ज्यादा उपयोग करें।
● नियमित शारीरिक व्यायाम करें।

अगर उपरोक्त में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत चिकित्सक से सम्पर्क करें
कैंसर के खिलाफ जागरुकता की पहल

नोडल अधिकारी एन.डी.-एन.सी.डी. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर | जिलाधिकारी रामपुर

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# विधान परिषद में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने नारेबाजी कर दो बार किया सदन का वाकआउट, सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





विधानसभा के सत्र में जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता अनुराधा मिश्रा और सपा के शिवपाल यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विप में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम 105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है।

सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई। घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है।

खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पाक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### बसपा ने उठाया शिक्षक भर्ती व पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहें हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी नें सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठायाए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम 110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित किया। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### मलिहाबाद के ट्रिपल मर्डर का मुद्दा उठा

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

## सार-संक्षेप

### वोट का बिखराव रोकने के लिए लालकृष्ण आडवाणी को मिला भारत रत्न : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन कमें सीटों का बंटवारा, जीत और सीट के आधार पर होगा।

### भूखंड दिलाने के नाम पर 90 लाख की ठगी

**नोएडा, एजेंसी :** गौतमबुद्ध नगर जिले में कार्यालय के लिए भूखंड दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 90 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि अदालत के आदेश पर नोएडा फेस-1 थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक नोएडा सेक्टर-44 निवासी आलोक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह इंडक्टस लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं और नोएडा सेक्टर-2 में उनका कार्यालय है। कुमार के मुताबिक 2018 में उन्हें कार्यालय के लिए जमीन की तलाश थी तभी उनकी मुलाकात राकेश चौधरी और अमन चौधरी से हुई। आरोपियों ने उनकी पत्नी अनुराधा सिन्हा को बताया कि वे नोएडा सेक्टर-162 में 487 वर्ग गज जमीन के मालिक हैं और उक्त जमीन बेचना चाहते हैं। पीड़ित के मुताबिक जमीन के लिए उन्होंने कुल 90 लाख रुपये का भुगतान किया लेकिन आरोपियों ने संपत्ति के कागज नहीं दिए और जांच कराने पर जानकारी मिली कि उक्त जमीन उनके नाम पर नहीं है। पुलिस ने कुमार के हवाले से बताया कि आरोपियों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। कुमार के मुताबिक थाना में शिकायत दर्ज नहीं होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। नोएडा फेस-1 थाना के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि मामले में अदालत के आदेश के बाद आरोपी राकेश चौधरी और अमन चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

### 446 सरकारी चिकित्सकों की वेतन वृद्धि

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोत्तरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रूपए वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

### 1540 नए मार्गो पर चलेंगी डबल डेकर बसें

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य में राजधानी समेत 14 जिलों में 1540 नए मार्गो पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों।

# सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय से 39.35 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जालसाज ने कंपनी का मैनेजर बन किस्तों के रूप में जमा कराये रुपये



मनोज पांडेय।

**अमृत विचार:** पूर्व मंत्री और रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय के संग 39.35 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का मैनेजर बन विधायक को झांसे में लिया। जमा किये गये रुपयों की रसीद नहीं मिलने पर विधायक कम्पनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि कोई भी किस्त भी नहीं जमा हुई है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली की ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दिलकुशा कालोनी स्थित उनके आवास पर जनवरी 2019 में एक शख्स मुलाकात करने आया था। खुद का परिचय पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लखनऊ के प्रबंधक रमाकांत पांडेय के रूप में दिया था। उसने कम्पनी के नये प्लान में 10 लाख सालाना किस्त जमा करने पर चार साल बाद 39.20 लाख और 5,37,554 रुपये बोनस मिलने की बात कही। यह भी कहा कि चार साल बाद रुपये निकालेंगे तो बोनस के साथ 63,23,980 रुपये मिलेंगे। झांसे में आकर विधायक ने फरवरी 2019 का दस लाख का चेक रमाकांत को सौंप दिया। कथित प्रबंधक ने उनकी बात सीए से कराई। सीए ने कहा कि प्लान मेल कर दीजिए, मैं विधायक को समझा दूंगा। विधायक ने तीन साल तक किस्त के रूप में 29,35,409 रुपये जमा किये। चौथी किस्त देने के चार माह बाद भी रसीद नहीं मिलने पर विधायक को ठगी का पता चला।

# ओबरा सी की दूसरी इकाई से भी जल्द शुरू होगा बिजली उत्पादन

**लखनऊ, अमृत विचार:** ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी कवायद में जुटे हैं। इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कामर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

# कांग्रेस ने जारी की 46 लोस सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुरादाबाद में डा. युसुफ, बरेली में विपुल गुप्ता, खीरी में अनिल शुक्ला व अमरोहा में अतिफ हसन को दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोआर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डा युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं। इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चैधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए ह्रदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोआर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

# मेरठ में पुलिस अधिकारी पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**मेरठ, अमृत विचार :** जिले के कंकरखेड़ा में एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) पर जानलेवा हमले केआरोपी को शनिवार को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। पुलिस को अनुसार 4 जनवरी को एसआई मुनेश सिंह कसाना को उस समय गोली मार दी गई थी, जब वह लुटेरों का पीछा कर रहे थे। छाती में गोली लगने से घायल हुए कसाना को अब गाजियाबाद के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार देर शाम मुख्य आरोपी विनय वर्मा को कंकरखेड़ा में घेर लिया।

# मुख्यमंत्री ने सपा को बताया राम व आंबेडकर विरोधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

▶▶ कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण



विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार होती तो अयोध्या में कभी श्रीराम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा को न जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। सपा वोट तो जाति के नाम पर लेती है, मगर काम केवल परिवार के लिए करती है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। कन्नौज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने महाराज हर्षवर्धन को याद किया और कन्नौज की जनता को अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर में दर्शन करने का निमंत्रण भी दिया। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है।

# आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान: मुख्यमंत्री

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत सरकार ने शनिवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न सिर्फ भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं, बल्कि देश व दुनिया में भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत भी हैं।

## वर्ग पहेली-332

**बाएं से दाएं**

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली - 331 का हल




## सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।


मेष
आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।


वृष
आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।


मिथुन
आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।


कर्क
आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।


सिंह
आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।


कन्या
आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।


तुला
आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।


वृश्चिक
आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।


धनु
आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।


मकर
आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।


कुंभ
आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।


मीन
आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

सल्तनत
सुबह : 10.00

सपूत
रात : 07.00

नमस्ते लंदन
सुबह : 10.03

पीके
रात : 07.00

दहेज
सुबह : 09.19

टर्मिनेटर 3
रात : 09.00

जयंतभाई की लव स्टोरी
सुबह : 10.30

कहानी 2
रात : 07.30

कच्चे लिंबु
दोपहर : 01.52

दोस्ताना
रात : 09.48

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...



सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

## बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्धघाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।



संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

### एक नजर

#### 2.2 करोड़ की मेफेड्रोन के साथ 4 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 2.2 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में अंधेरी पश्चिम के वर्सोवा में कथित तौर पर 2.04 करोड़ रुपये के मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान महेंद्र चंद्र सिंह (40) और सैयद मुर्तुजा फहमी (37) के रूप में की।

#### कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

## नीतीश ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त और स्वास्थ्य विभाग भाजपा के हिस्से में

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नए मंत्रिमंडल में विभागों का आवंटन करते हुए गृह विभाग अपने पास रखा जबकि वित्त विभाग भाजपा को दिया है। एक अधिसूचना के अनुसार, गृह के अलावा कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग भी अपने पास रखे हैं। साथ ही किसी और को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

**ठाणे, एजेंसी**

▶▶ भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

## मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

**ब्यूरो, नई दिल्ली**

▶▶ कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना



**अमृत विचारः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

## झारखंड विस में विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

**रांची, एजेंसी**

▶▶ रांची की एक विशेष अदालत ने दी है अनुमति



रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी।

अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि वह विधानसभा के सदस्य हैं और उन्हें विशेष सत्र में भाग लेने का अधिकार है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) अर्जी दायर कर इस अदालत से एक आदेश का अनुरोध कर रहा है, ताकि उन्हें झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने और पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होने वाले विश्वास मत की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जा सके।'' चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा-हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।

### अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और श्री सिंह को हालांकि दिल्ली शराब घोटाले मामले में अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल अदालत ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत अब 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले 20 जनवरी को दिल्ली अदालत ने आप के दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत को तीन फरवरी तक बढ़ा दी थी। 'आप' के दोनों नेताओं को शराब घोटाले में न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

### ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए "बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत :100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चिता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

### एक नजर

#### एसबीआई के मुनाफे में 35 प्रतिशत की कमी

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक की लाभप्रदता को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में वेतन और पेंशन के लिए 7,100 करोड़ रुपये के भारी-भरकम एकमुश्त प्रावधान के कारण सालाना आधार पर 35 प्रतिशत घटकर 9,164 करोड़ रुपये पर पहुंचा दिया। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी।

#### पकड़े गए 18,000 करोड़ के फर्जी आईटीसी मामले

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि जीएसटी खुफिया अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक 18,000 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामलों का पता लगाया है। मंत्रालय ने कहा कि इन मामलों में अब तक 98 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

**कोलकाता, एजेंसी**





क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

### रिलायंस ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां





धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

# रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त
## डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।


रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

# साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर शृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी शृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।



### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर
## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

**209** रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

**6** विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर



### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।



#### मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 253/10 (55.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

अतिरिक्त: 9, कुल: 55.5 ओवर में ऑल आउट: 253 रन, **विकेट पतन:** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी:** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

| भारत | 396/10 (112 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त: 02, कुल:112 ओवर में ऑल आउट: 209 रन, **विकेट पतन:** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

## खेल डायरी

### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

**पुणे।** भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।



### भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

**मुंबई ओपन**

**मुंबई।** भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

# विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

**डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली**

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

# आर्यन और करन ने असम के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।


आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।



# बॉलीवुड हलचल

## मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।



### फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

## भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।



## कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खुल न जाए।



### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

